




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 09 अगस्त 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 194 | मूल्य - 5 रुपये









### जयपुर में पुरानी इमारत ढहाने के दौरान

## सोने के सिक्कों से भरे 15 स्वर्ण कलश संहित बहुमूल्य धातुए ठेकेदार ने मालिक को नहीं सौंपे

### सबूत जुटाकर पुलिस ने किया पांच आरोपियों को गिरफ्तार..



**जयपुर, (भाषा)।**

***जयपुर में एक पुरानी इमारत को ढहाने के दौरान मिले कीमती सामान को खुर्द-बुर्द करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस कीमती सामान में चांदी की सिल्लियां व स्वर्ण कलश शामिल हैं।***

मानक चौक थाने की पुलिस और जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने आरोपियों से कुल 66.400 किलोग्राम वजन की चांदी की दो बड़ी सिल्लियां बरामद भी की हैं। पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि 15 जुलाई को मानक चौक पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि विद्याधर का रास्ता त्रिपोलिया बाजार में एक पुरानी इमारत को गिराने के दौरान मिली कीमती चीजें मालिक को नहीं सौंपी गईं और ठेकेदार महेश मल्होत्रा व उनके साथियों ने कथित तौर पर खुर्द-बुर्द कर दिया।

शिकायत के अनुसार इमारत गिराने के दौरान मिली कीमती चीज़ों में 40-45 किलोग्राम वजनी चांदी की 10-15 चांदी की सिल्लियां, सोने के सिक्कों से भरे हुए 14-15 स्वर्ण कलश, चांदी के 8000-10000 पुराने सिक्के एवं अन्य बहुमूल्य संपत्ति शामिल है।

पुलिस ने कहा कि यह मामला चुनौतीपूर्ण था क्योंकि कथित घटना लगभग 10 महीने पहले हुई थी। तब तक इमारत को गिराकर नया ढांचा खड़ा किया जा चुका था और देरी तथा सीसीटीवी फुटेज न होने के कारण तुरंत सबूत जुटाना मुश्किल हो गया था।

उन्होंने बताया कि आरोपों की पुष्टि करने और आरोपियों का पता लगाने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई थी। जांच के दौरान टीम ने तकनीकी इंटेलिजेंस और मुखबिरों से मिली जानकारी का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कथित घटना के बाद आरोपियों के मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड और जयपुर तथा आसपास के इलाकों में उनकी गतिविधियों की भी जांच की। पुलिस ने बताया कि टीम ने आरोपियों पर नजर रखी और उनकी जीवनशैली तथा वित्तीय गतिविधियों में आए बदलावों की भी जांच की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान मिली जानकारी की पुष्टि करने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान महेश मल्होत्रा (ठेकेदार), जगदीश राजोरिया, ओमप्रकाश खिंची, अनुज अरोड़ा और रजनी मल्होत्रा के तौर पर हुई है।






### झारखंडः प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ छठे दौर की वार्ता आज..

**रांची, (भाषा)।** झारखंड सरकार राज्य में कथित परीक्षा अनियमितताओं के खिलाफप्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ आज 09 अगस्त रविवार को छठे दौर की बातचीत करेगी, जिसके बाद ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ चार घंटे तक बैठक करने के बाद सदस्य ने बताया कि बातचीत दोपहर करीब 12 बजे होगी। समिति सदस्य और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमने मुख्यमंत्री को आज और एक दिन पहले छात्र संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ हुई विभिन्न दौर की बैठकों में सामने आए छात्रों के विचारों तथा मांगों से अवगत कराया।''

समिति के एक अन्य सदस्य और मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) तथा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) में व्यापक सुधार की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत जारी रखने का फैसला लिया गया। सिंह और यादव के अलावा, मंत्री चमरा लिंडा और सुदिव्य कुमार भी बैठक में मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग कथित अनियमितताओं की सीबीआई या फिर किसी दूसरे राज्य के उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक समिति से स्वतंत्र जांच कराना शामिल है। प्रदर्शन कर रहे नौकरी अभ्यर्थियों ने फैसला किया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सरकार की समिति ने सबसे पहले झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व वाले प्रदर्शनकारियों के गुट से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई, एसीएस और जेसीएम के प्रतिनिधिमंडलों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। शुक्रवार रात को सरकार ने जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी इसी तरह की बातचीत की थी। जेपीएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि आयोग के पूर्व अध्यक्ष एल खियांगते से 28 जुलाई से अब तक चार बार पूछताछ की जा चुकी है।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव आज चार नई विमान सेवाओं की शुरुआत करेंगे

**भोपाल, (भाषा)।**


मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज 09 अगस्त रविवार को राज्य से चार नयी सीधी विमान सेवाओं की शुरुआत करेंगे। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि भोपाल-रीवा, भोपाल-पटना, रीवा-कोलकाता और जबलपुर-कोलकाता हवाई मार्गों पर ये सेवाएं शुरू होने से राज्य के भीतर और अन्य राज्यों के साथ हवाई संपर्क मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि इन सेवाओं का संचालन 'एलायंस एयर' करेगी। यादव भोपाल स्थित राजा भोज हवाई अड्डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में इन सेवाओं की शुरुआत करेंगे।

अधिकारी ने कहा कि हवाई सेवाओं के विस्तार से राज्य में पर्यटन, व्यापार, शिक्षा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को बेहतर यात्रा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
















### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण की अध्यक्षता में

# 'उल्लास' अभिनव पहल के तहत न्यायालय परिवार के लिए जिला न्यायालय में किया गया दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी एडवाइजरी फ्रेमवर्क एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला एवं तहसील न्यायालयों में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 'उल्लास' एक अभिनव पहल के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन***





किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायालयीन कर्मचारियों के हितों को बढ़ावा देने, संस्था के प्रति अपनत्व की भावना मजबूत करने, टीम वर्क को प्रोत्साहित करने तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण निर्मित करना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण ने न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान शतरंज, कैरम, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### न्यायालय परिवार एवं अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यक्रम के दूसरे दिन न्यायिक कर्मचारियों के परिवारजनों को न्यायालय परिसर का भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं अधिवक्ताओं का चिकित्सीय दल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों एवं साहित्यिक कविताओं की प्रस्तुतियां दी गईं।

न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को यादगार बनाया।

### उल्लास' से न्यायालय परिवार में बढ़ेगा अपनत्व और सामंजस्य

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण ने कहा कि उच्च न्यायालय की मंशा के अनुरूप 'उल्लास' एक अभिनव पहल न्यायालय परिवार के सभी सदस्यों - न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों - को समान महत्व देते हुए उनके बीच की दूरी कम करने और आपसी प्रेम, सहयोग एवं सामंजस्य बढ़ाने की दिशा में उत्कृष्ट पहल है। इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार होगा तथा उनके भीतर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर भी मिलेगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। साथ ही 'उल्लास' अभिनव पहल के अंतर्गत भविष्य में भी न्यायालय परिवार के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी श्री रघुबीर प्रसाद पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री दीपनारायण सिंह, तृतीय जिला न्यायाधीश श्रीमती तब्बस्सुम खान, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री मनीष कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नीरज कुमार सोनी, श्री अविनाश छारी, श्री राज पाण्डे, श्रीमती निहारिका व्यास एवं श्री ईशान डेंगुला सहित न्यायिक कर्मचारी, उनके परिवारजन, लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स एवं स्टॉफतथा अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# प्रेमनगर निवासी 35 वर्षीय नवीन सोनी का हृदयाघात से दुखद निधन..

### आज निकलेगी अंतिम संस्कार..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर के प्रेम नगर न्यू हाऊसिंग बोर्ड कालोनी निवासी महेश सोनी के सुपुत्र ट्रेवल्स व्यवसायी एवं चाय शॉप संचालक नवीन सोनी का 35 वर्ष की उम्र में आज अचानक 08 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे लगभग***

हृदयाघात से दुखद निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीने में जलन एवं दर्द के कारण नवीन सोनी को अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाया, और नवीन की मृत्यु हो गई। नवीन सोनी अपने पीछे माता पिता, दो छोटे भाई, पत्नी एवं एक छोटी 4 वर्ष की बालिका संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गौरतलब है कि युवा उम्र में अचानक परिवार के सौम्य एवं शालीन नवीन सोनी के दुखद निधन से परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल है। नवीन सोनी के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे निज निवास न्यू हाऊसिंग बोर्ड कालोनी प्रेम नगर वार्ड नंबर 25 से जागपुर घाट मोक्षधाम के लिये निकलेगी।


## एमपीपीएससी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा प्रारंभ, पहले दिन 50 परीक्षार्थी हुए शामिल

जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का 06 दिवसीय परीक्षा कार्यक्रम आज 08 अगस्त से प्रारंभ हो गया। बालाघाट जिले में परीक्षा के लिए शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

परीक्षा के पहले दिन कुल 54 परीक्षार्थियों में से 50 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में शामिल 50 परीक्षार्थियों में 35 पुरुष एवं 15 महिला परीक्षार्थी शामिल हैं। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी दिनों में भी आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा परीक्षा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार संचालित की जा रही है।

# आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति और विरासत को नमन : राजेश पाठक



जगप्रेरणा बालाघाट।

***विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला सर्व ब्राह्मण समाज, बालाघाट के अध्यक्ष राजेश पाठक ने जिले एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज भारत की सांस्कृतिक विविधता, परंपराओं और प्राकृतिक संरक्षण की गौरवशाली परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, अधिकारों और सामाजिक योगदान को सम्मान देने का अवसर है।***

राजेश पाठक ने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। उनकी जीवनशैली, लोककला, लोकगीत, नृत्य, रीति-रिवाज और परंपराएं भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाती हैं। आदिवासी समाज की गौरवशाली विरासत को संरक्षित करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ आदिवासी समाज के सामने शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और सामाजिक अवसरों से जुड़ी अनेक चुनौतियां भी हैं। इन चुनौतियों का समाधान विकास की मुख्यधारा में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए किया जाना चाहिए। आदिवासी युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जरूरी हैं।

राजेश पाठक ने कहा कि विकास के साथ आदिवासी समाज की अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उनकी परंपरागत ज्ञान प्रणाली और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण आज के दौर में भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस पर सभी से आह्वान किया कि आदिवासी समाज के अधिकारों, सम्मान और विकास के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे आएं। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और आपसी सम्मान के माध्यम से ही एक मजबूत और समावेशी समाज का निर्माण संभव है। अंत में राजेश पाठक ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, कला और गौरवशाली विरासत को नमन किया तथा उनकी अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प लेने की अपील की।

### मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत

# उप संचालक सुश्री बबीता मरकाम ने किया बालाघाट न.पा. का निरीक्षण एवं समीक्षा

जगप्रेरणा बालाघाट।



***मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत नगरीय निकायों में क्षेत्र भ्रमण एवं जन संवाद के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन और नागरिक सेवाओं की समीक्षा के उद्देश्य से उपसंचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल, सुश्री बबीता मरकाम द्वारा नगर पालिका***

परिषद बालाघाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर पालिका की बैठक लेकर वित्तीय स्थिति, जलापूर्ति व्यवस्था, स्वच्छता, प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं डिजिटल सेवाओं की समीक्षा की गई। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण और सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, संबल योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी अधोसंरचना विकास योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा अमृत हरित अभियान और अमृत 2.0 के तहत निर्माणाधीन वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर जल शुद्धिकरण प्रक्रिया की जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके सहित सहायक यंत्री, राजस्व निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, लेखापाल, सीएमओ कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा उपस्थित पार्षदगण मौजूद रहे। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान नागरिकों से भी संवाद किया गया, जिसमें उन्होंने नगर में चल रही विकास योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर अपने सुझाव एवं समस्याएँ साझा कीं।

अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल कर कार्यों में और अधिक पारदर्शिता एवं गति लाई जाएगी, ताकि जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समय पर पहुँच सके।




# बालाघाट में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, 60 लीटर घी जब्त

### विभिन्न होलसेल विक्रेताओं की जांच, वास्तु घी का नमूना जांच के लिए भेजा



जगप्रेरणा बालाघाट।

राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों से लिए गए घी के नमूनों में कई ब्रांड अमानक पाए जाने के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन को संबंधित ब्रांडों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट द्वारा नगर के विभिन्न होलसेल घी विक्रेताओं की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने रोहित ट्रेडर्स, कुमार संस, लक्ष्मी नारायण एजेंसी, चोपड़ा सेल्स, गुरुकृपा सेल्स एवं वाधवानी एजेंसीज का निरीक्षण किया। जांच के दौरान वास्तु घी पर कार्रवाई करते हुए लगभग 60 लीटर घी जब्त किया गया। जब्त घी का नमूना जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों योगेश डोंगरे एवं गीता टांडेकर द्वारा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड में छात्र परिषद अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित







जगप्रेरणा बालाघाट।

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलाजखंड में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए गठित छात्र परिषद के छात्र प्रतिनिधियों का अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बाल कैबिनेट, कक्षा प्रतिनिधियों तथा नर्मदा, ताप्ती, चंबल और क्षिप्रा सदन के नायक एवं उपनायकों ने अपने दायित्वों की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के सेवानिवृत्त कर्नल श्री सदन बघेल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हिमांशु पाणिग्रही, श्री राजेन्द्र पिवहरे एवं श्रीमती प्रतिमा उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद कटरे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा शाला नायक एवं नायिका सहित छात्र प्रतिनिधियों को सम्मान पट्टिका एवं बैज लगाकर शपथ दिलाई गई। इसके बाद बाल कैबिनेट, कक्षा प्रतिनिधियों और विभिन्न सदनों के नायक-उपनायकों का अलंकरण किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विद्यालय की गरिमा, अनुशासन एवं मूल्यों को बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि कर्नल सदन बघेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, परिश्रम, नेतृत्व, जिम्मेदारी एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक एवं जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने अतिथियों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं शिक्षकों के सहयोग से सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।




## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरें प्राप्त करें।**

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आज धनौरा में दिखेगी आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक झलक और एकजुटता की शक्ति..

## भव्य रूप से मनाया जाएगा 'विश्व आदिवासी दिवस'..

## ग्राम पंचायत प्रांगण में जुटेगा जनसैलाब; प्रकृति पूजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और रैलियां होंगी आकर्षण का केंद्र..







जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा ।

*विश्वभर के मूलनिवासियों के अधिकारों, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के प्रतीक 'विश्व आदिवासी दिवस' के अवसर पर आज, 9 अगस्त (रविवार) को*

धनौरा ब्लॉक मुख्यालय में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन होने जा रहा है। धनौरा की ग्राम पंचायत प्रांगण में आयोजित होने वाले इस जिला व ब्लॉक स्तरीय समारोह में संपूर्ण अंचल से आदिवासी समुदाय की अपार जनमेदिनी जुटेगी, जहां समाज की एकजुटता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी।

### प्रकृति पूजन, पारंपरिक नृत्य और झांकियों से गूंजेगा धनौरा..

आयोजन को लेकर आदिवासी समाज और युवा संगठनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना और प्रकृति वंदना के साथ होगी। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे युवाओं और समाजजनों द्वारा भव्य सांस्कृतिक रैलियां निकाली जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान रेला नृत्य, सैला, गुदुम और ढोल-मांदल की थाप पर आदिवासी कला-संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिलेंगे। मंच से समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ समाजसेवियों और धरोहर संरक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा।

### जानिए क्या है इस दिन का इतिहास और महत्व..

**संयुक्त राष्ट्र की पहल:** संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में 9 अगस्त को 'विश्व आदिवासी दिवस' घोषित किया गया था। दरअसल, 9 अगस्त 1982 को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की स्वदेशी आबादी पर बने कार्य समूह **(Working Group)** की पहली बैठक हुई थी, जिसकी स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। **अधिकारों और संस्कृति की रक्षा:** इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के जल, जंगल, जमीन से जुड़े आदिवासी समुदायों के जल-जंगल-जमीन के अधिकारों की रक्षा करना तथा उनकी विशिष्ट भाषा, संस्कृति और जीवनशैली का संरक्षण करना है। **भारत और मध्य प्रदेश में संदर्भ:** भारत में आदिवासी समाज को आदिकाल से ही प्रकृति का सच्चा रक्षक और पूजक माना गया है। मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में इस दिन विशेष गौरव यात्राएं व विचार गोष्ठियां आयोजित होती हैं। (उल्लेखनीय है कि देश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में भी मनाई जाती है)। **अधिकारों और सामाजिक विकास पर मंथन:** धनौरा के इस भव्य आयोजन में सांस्कृतिक झलकियों के साथ-साथ समाज के प्रबुद्धजन, जन प्रतिनिधि और वरिष्ठ समाजसेवी मंच से आदिवासियों के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक अधिकारों पर अपने विचार रखेंगे। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया जाएगा।

# तड़के लोकायुक्त की करोड़पति बाबू के ठिकाने पर खटखट..

## मकान, प्लॉट, फॉर्म हाउस के कागज देख दल हुआ भौंचक्का

## 2 टीमों ने मारा एक साथ छापा..



जगप्रेरणा सिवनी।

*आरोपी सुभाष शर्मा पिता रवि शर्मा, पद सहायक ग्रेड-2 कार्यालय क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केन्द्र सिवनी, बर्तमान पता निवासी-13/2 झ गली नं. 02*

अम्बेडकर कॉलोनी राजीव गांधी वार्ड जिला जबलपुर की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने संबंधी शिकायत लोकायुक्त संगठन को प्राप्त हुई थी। जिसकी सत्यापन कार्यवाही निरीक्षक जितेन्द्र यादव के द्वारा की गई। सत्यापन में सूचना प्रथम दृष्ट्या सही पाये जाने पर आरोपी सुभाष शर्मा के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) धारा 13(1)बी, 13(2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आज दिनांक 8 अगस्त को प्रातः5:30 बजे आरोपी के निवास स्थान तथा फार्म हाऊस पर छापा कार्यवाही की गई।

प्रारंभिक तौर पर छापा कार्यवाही के दौरान आरोपी सुभाष शर्मा तथा उनकी पत्नि शीला शर्मा के नाम से - विभिन्न कृषि भूमि ग्रामीण क्षेत्र में, शहरी क्षेत्रों में प्लाट तथा फार्म हाउस, मकान जांच के दौरान प्रकाश में आये हैं। मौजा लोहारी तहसील पाटन जिला जबलपुर में अनावेदक की पत्नी शीला शर्मा के नाम से विभिन्न भूमियां क्रय की है जिसकी अनुमानित कीमत 1,11,02,156/-रु है। मौजा मुरगवां तहसील पाटन जिला जबलपुर में अनावेदक की पत्नी शीला शर्मा के नाम भूमि क्रय किया जाना पाया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 25,91,658/-रु है। मौजा गोहलपुर तहसील आधाताल जिला जबलपुर में अनावेदक की पत्नी शीला शर्मा के नाम से कई प्लाट क्रय किया गया है जिसका अनुमानित कीमत 47, 48, 996/-रु है।

मौजा करमेता तहसील आधारताल जिला जबलपुर में अनावेदक की पत्नी शीला शर्मा के नाम से 4581 वर्गफुट भूमि क्रय की है जिसकी अनुमानित कीमत 2, 88, 45288/ -रु है। अनावेदक के द्वारा अपनी पत्नी के नाम शीला शर्मा 13/2 झ गली नं.02 अम्बेडकर कॉलोनी राजीव गांधी वार्ड जिला जबलपुर में दो मंजिला पक्का अलीशान मकान बनवाया है जो कि 2800 वर्गफुट पर बना है। जिसमें भू-तल में 2800 वगफुट एवं प्रथम-तल में 2000 वर्गफुट निर्माण है कुल निर्माण 4800 वर्गफुट में पक्का मकान निर्मित है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 65, 00, 000/- रूपये है। अनावेदक ने अपनी पत्नी शीला शर्मा के नाम से एक अन्य मकान पारस कालॉनी जिला जबलपुर में दो मंजिला पक्का मकान बनवाया हैं जो 1500 वर्गफुट में निर्मित है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10,00,000/- रूपये है। अनावेदक ने अपनी पत्नी शीला शर्मा के नाम से फार्म हाऊस ग्राम लोहारी तहसील पाटन जिला जबलपुर में स्थित हैं जिसका भू-तल का पक्का निर्माण किया गया है जो लगभग 3000 वर्गफुट में निर्मित है। जिसकी अनुमानित लागत 52,00,000/-रूपये है।

### अनुपात से अधिक पाई संपत्ति..

आरोपी सुभाष शर्मा की कुल आय से व्यय अधिक किया जाना पाया गया है। जाँच के दौरान कुल अर्जित आय का 543.19 प्रतिशत अनुपातहीन है। वर्तमान में छापा कार्यवाही जारी है।

### छापा दल में दो टीमें रही..

टीम- 1 में श्रीमती रेखा प्रजापति, उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षकगण जितेन्द्र यादव, राहुल गजभिये, शशिकला मस्कुले एवम अन्य सदस्य थे। वहीं टीम-2 में श्रीमती नीतू त्रिपाठी, उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षकगण उमा कुशवाह एवम अन्य सदस्य मौजूद थे।

# उलमा ए अहले सुन्नत की मौजूदगी में मनाया गया उर्स ए आला हज़रत ईमाम अहमद रजा बरेलवी..

## ईद मिलादुन्नबी पर शान-शौकत के साथ निकाला जाएगा जूलूस ए मोहम्मदी..



जगप्रेरणा सिवनी।

सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि 108 वा उर्स ए आला हज़रत ईमाम अहमद रजा खान हनफी सूफी बरेलवी रहमतुल्लाह अलैय मस्जिद नूर अंबिया राज्य परिवहन बस स्टैंड पर मनाया गया जिसमें जिला सिवनी से अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी बरेलवी उलमा ए इकराम हुफ्फाज ए इकराम मुफतियाने इकराम मौजूद थे हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती तौहिद आलम रजवी, हज़रत अल्लामा मौलाना इफ्तिखार रज़ा, हाफ़िज़ नसीम फिरदौसी, हाफ़िज़ सिराज फिरदौसी, मौलाना कासिफरज़ा, हाफ़िज़ जानी हैदर, हाफिज़ मुस्ताक, मुफ्ती साज़िद सकाफी, हाफिज़ नफीस रज़ा, हाफ़िज़ समीम फिरदौसी, हाफ़िज़ सगीर अशरफ़ी, हाफ़िज़ गुलाम गौस, मौलाना गाज़ी आदिल रज़ा, मौलाना रइस, रेहान रज़ा अत्तारी, बासित रज़ा, मौलाना शकील रज़ा, हाफ़िज़ अब्दुल हकीम रज़ा, हाफ़िज़ सलीम रज़ा, हाफ़िज़ समीम गणेशगंज संहित सैकड़ों उलमा मौजूद थे जबकि सरपरस्ती में हाजी सैय्यद हैदर अली ठेकेदार, मोहम्मद ज़ुबैर बाबा भाई बोरदई, मोहम्मद सुलेमान क़ादरी, शब्बीर वारसी, शफीक पटेल, आबिद भाई, बाबा भाई सैक्रेटरी मंजूर रज़ा क़ादरी सहित बड़ी संख्या में अवाम ए अहले सुन्नत व जमात मौजूद रही उलमा ए अहले सुन्नत व जमात ने उर्स ए आला हज़रत पर तकरीर फरमाई आपके इल्म का डंका सिर्फहिंदुस्तान में ही नहीं दुनिया भर के मुल्कों में आला हज़रत ईमाम अहमद रजा खान हनफी सूफी बरेलवी की तालिमात पर काम किया जा रहा है।

आगे नसीम फिरदौसी ने फ़रमाया ये उर्स ए आला हज़रत के मौके पर जिले भर के उलमा मुफ्ती तौहिद आलम की सरपरस्ती में नूर अंबिया मस्जिद में जमा हुए हैं ये सब इत्तेहाद ए अहले सुन्नत व जमात मसलक ए आला हज़रत के अलम्बरदार है हमारे लिए सिलसिले बाद में है सबसे पहले अहले सुन्नत व जमात है हम तमाम उलमा ए अहले सुन्नत मसलक ए आला हज़रत के मिशन के ख़ादिम है और आप अवाम अपने ईमान अकिदे की हिफाजत करते हुए मसलक ए आला हज़रत पर क़ायम रहें।

आगे फ़रमाया कि अगस्त महीने में पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम की यौमे पैदाइश ईद मिलादुन्नबी पुरे देश प्रदेश सहित जिले में शानदार पैमाने पर मनाया जाएगा जिसमें केवलारी घंसौर लखनादौन कुरई खवासा भोमा धनौरा छपारा आदेगाव पलारी भीमगण बोरिया सुनवारा गणेशगंज दारोट बरघाट समस्त बलाक एवं शहर सिवनी में जूलूस ए मोहम्मदी शान शौकत में परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा सभी उलमा ए अहले सुन्नत व जमात जिला सिवनी ने शांति पूर्वक जिले भर में मनाया जाएगा आवाम से तमाम उलमा ने अपील की है। खिताब के बाद फातिहा हुई दुआ में जिले में अमन-शांति के लिए दुआ हुई व तमाम हज़रात के लिए लंगर भंडारे का आयोजन किया गया था।

# एचडीएफसी बैंक खाते से करीब 3 लाख की ऑनलाइन ठगी..

## बीमा की राशि पर साइबर अपराधियों ने किया हाथ साफ

## दिवंगत पिता के बीमा के पैसे खाते में आने के कुछ ही दिनों बाद UPI के माध्यम से निकाली गई राशि, कुरई थाने में मामला दर्ज..



जगप्रेरणा कुरई।

कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम जोड़ीवाड़ा निवासी हर्षा पाल (23 वर्ष), पति अर्जुन पाल ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो गईं। पीड़िता के अनुसार उन्होंने हाल ही में सिवनी के छिंदवाड़ा चौक स्थित एचडीएफसी बैंक में नया खाता खुलवाया था। उनके पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद बीमा की 8,64,720 रुपये की राशि 21 जुलाई 2026 को उनके खाते में जमा हुई थी। पीड़िता ने बताया कि 29 जुलाई से 31 जुलाई 2026 के बीच उनकी जानकारी और अनुमति के बिना किसी अज्ञात व्यक्ति ने **UPI** के माध्यम से करीब 2,99,984 रुपये खाते से निकाल लिए। घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने कुरई थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं और अज्ञात ठगों ने उनसे 2,99,984 रुपये की ठगी कर ली। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर उनकी राशि वापस दिलाने की मांग की है। कुरई थाना प्रभारी कृपाल साह तेकाम ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस साइबर ठगी के पहलुओं की जांच कर रही है।

**सावधानी:** पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बैंक खाते, **UPI** और ओटीपी संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध लेन-देन की स्थिति में तत्काल बैंक और साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

# आज सिवनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

## दलसागर चौपाटी पर सजेगा भव्य नाइट स्टेज शो..

## पारंपरिक नृत्य, लोककला और वाद्य यंत्रों से गूंजेगा शहर..




जगप्रेरणा सिवनी।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 09 अगस्त 2026 रविवार को सिवनी में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, अस्मिता और सामाजिक एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। समस्त आदिवासी समाज, सिवनी द्वारा इस अवसर पर जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना, महापुरुषों को श्रद्धांजलि, भव्य रैली, सामूहिक सहभागिता और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधिवक्ता महेन्द्र शाह मर्सकोले ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 09:00 बजे दलसागर टापू पर पूजा गोंगो के साथ होगी। इसके पश्चात जनजाति समाज के महापुरुषों एवं राजा दलपत शाह को माल्यार्पण कर उनके योगदान और संघर्षों को नमन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहेंगे और अपनी परंपराओं एवं संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।इसके बाद दोपहर 01:00 बजे रानी दुर्गावती चौक से भव्य रैली का शुभारंभ होगा। रैली में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे। पारंपरिक वेशभूषा, लोक संस्कृति और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ निकलने वाली यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। रैली के माध्यम से आदिवासी समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक एकता और गौरव का संदेश देगा। रैली के समापन के बाद समाज की ओर से शामिल होने वाले लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है।विश्व आदिवासी दिवस के इस आयोजन का सबसे प्रमुख आकर्षण शाम को दलसागर चौपाटी में आयोजित होने वाला भव्य नाइट स्टेज शो रहेगा। शाम 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज की पारंपरिक संस्कृति और लोककला की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा और विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियों से दलसागर चौपाटी का वातावरण आदिवासी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आएगा। कार्यक्रम में समाज की कला एवं संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही अपनी गौरवशाली परंपराओं को संरक्षित रखने का संदेश भी दिया जाएगा।आयोजकों ने समस्त आदिवासी समाज, सभी सगा समाज, युवाओं एवं जिलेवासियों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। आयोजन का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्रित कर आपसी एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करना है।गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष 09 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व आदिवासी दिवस दुनिया भर के आदिवासी समुदायों के अधिकारों, संस्कृति, भाषा, परंपराओं और प्रकृति संरक्षण में उनके योगदान को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिवस आदिवासी समाज के लिए केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अपनी अस्मिता, पहचान, गौरव और एकता को मजबूत करने का प्रतीक है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए पीढ़ियों से संघर्ष करने वाले आदिवासी समाज के वीर महापुरुषों के योगदान को याद करने और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का भी यह महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। सिवनी में आयोजित होने वाला यह जिला स्तरीय कार्यक्रम इसी गौरवशाली विरासत, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता को समर्पित रहेगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भी होंगे आयोजन..

जनजातीय संस्कृति, परम्परा और अधिकारों के संरक्षण के उद्धेश्य से प्रति वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में दोपहर 12 बजे यह कार्यक्रम आयोजित है। देश में युवाओं की आवाज बुलंद करने और राष्ट्रनिर्माण में सदैव अग्रणि भूमिका निभाने वाले भारतीय युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस 12.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में आयोजित है। युवा कांग्रेस का ध्वजारोहण कर युवाओं के अधिकारों, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया जाएगा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की सबसे महान् क्रांतियों में से एक भारत छोड़ो आंदोलन( अगस्त क्रांति दिवस) की स्मृति में जिला कांग्रेस कार्यालय में दोपहर 1 बजे कार्यक्रम आयोजित है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने समस्त कांग्रेस जनों से उपस्थिति हेतु अपील की है।

# कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिरा, चार लोग मलबे में दबे..

## ग्रामीणों की तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला, घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती..





जगप्रेरणा सिवनी।

जिले के लखनादौन विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया मेहरा के ग्राम धाधरा में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय मकान के अंदर मौजूद चार लोग मलबे की चपेट में आ गए। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से मलबे में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में समनसिंह काकोड़िया, छोटी बाई, भंगो परते और मंत्रा बाई परते घायल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए लखनादौन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद आदेगांव पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा मकान गिरने के कारणों तथा घटना के समय मकान में मौजूद लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि मकान कच्चा होने के कारण अचानक उसके गिरने से यह हादसा हुआ।

हालांकि मकान गिरने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। ग्रामीणों ने बताया कि मकान गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग तत्काल घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। यदि ग्रामीण समय पर मौके पर नहीं पहुंचते तो मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने में अधिक समय लग सकता था।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# सावन में हरियाली का संदेश.. शासकीय बाला साहेब उमावि में हुआ वृक्षारोपण..







जगप्रेरणा लांजी।

*भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ बालाघाट के तत्वावधान में 8 अगस्त 2026 को बाला साहब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारंजा के शाला प्रांगण में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आर.के. घोरमारे की उपस्थिति रही।*

वहीं इको क्लब एवं स्काउट-गाइड प्रभारी मनोज नगपुरे के मार्गदर्शन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्काउट-गाइड विद्यार्थियों एवं इको क्लब के पर्यावरण मित्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वृक्षारोपण अभियान के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर पोस्टल पाम के 8 पौधों के साथ-साथ एप्पल बेर, चीकू, आम, नीम एवं जाम सहित फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ पौधों का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी भी विद्यार्थियों को सौंपी गई। इसके लिए बच्चों की अलग-अलग टीमें गठित की गई तथा प्रत्येक टीम को रोपित पौधों की नियमित देखरेख, सुरक्षा एवं उनके संरक्षण का दायित्व दिया गया। विद्यार्थियों ने पौधों को सुरक्षित रखने और उनके विकास में सहयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य आर.के. घोरमारे एवं इको क्लब प्रभारी मनोज नगपुरे ने विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करना आवश्यक है। केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा एवं देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय परिसर के साथ-साथ अपने घरों के प्रांगण, खेतों, सड़क के किनारे तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर भी अधिक से अधिक पौधे लगाएं और आसपास के लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें।

विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक गतिविधियों का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक साथियों की सक्रिय सहभागिता रही। नन्हे स्काउट्स-गाइड्स एवं इको क्लब के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और मेहनत के साथ पौधारोपण अभियान को सफल बनाया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

# स्व. धनेन्द्र कासल की स्मृति में महावीर इंटरनेशनल द्वारा किया गया पौधारोपण, बच्चों को दिया सेवा का संदेश..

## पर्यावरण संतुलन के लिए 10-10 पौधे लगाने की अपील..

## कमला नेहरू और सांदीपनी स्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन






**कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।**

महावीर इंटरनेशनल (राइस सिटी, वारासिवनी) द्वारा संस्था के पूर्व संरक्षक स्व. श्री धनेन्द्र कुमार कासल की पु.ति. पर शनिवार 08 अगस्त को कमला नेहरू स्कूल एवं नव-निर्मित सांदीपनी विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने स्कूली विद्यार्थियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रसेवा और सामाजिक कर्तव्यों के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे कमला नेहरू स्कूल से हुआ, जहाँ स्थान की उपलब्धता को देखते हुए संस्था की ओर से 15-20 गमलेयुक्त पौधे भेंट किए गए। इसके पश्चात दोपहर 1:30 बजे सांदीपनी विद्यालय परिसर में पदाधिकारियों व शिक्षकों ने मिलकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ और शिक्षक वृंद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बोली रीना कासल..

छात्रों को संबोधित करते हुए महावीर इंटरनेशनल की अध्यक्ष रीना कासल ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है और प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ रही हैं। पेड़ सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए नहीं लगाए जाने चाहिए, बल्कि हमें इनका वास्तविक महत्व समझना होगा। भारत की विशाल आबादी को देखते हुए यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे लगाने का संकल्प ले, तो पर्यावरण की तस्वीर बदल सकती है। उन्होंने स्व. धनेन्द्र कासल को याद करते हुए युवाओं से समाज सेवा से जुडने की अपील की।

## बोले तरुण सुराना..

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तरूण सुराना ने राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्वों पर जोर दिया और कहा कि केवल किताबी पढ़ाई पर्याप्त नहीं है, विद्यार्थियों को अपने सामाजिक, राष्ट्रीय और पारिवारिक कर्तव्यों को भी समझना होगा। आज के बच्चे देश के 'जेन जी' हैं और भविष्य उनके हाथों में है। बढ़ते प्रदूषण और कार्बन डाइऑक्साइड को नियंत्रित करने का सबसे सशक्त माध्यम वृक्षारोपण ही है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरांत महावीर इंटरनेशनल के पदाधिकारियों ने सांदीपनी विद्यालय परिसर का गहन निरीक्षण किया। संस्था के पदाधिकारियों ने स्कूल की व्यवस्थाओं और शैक्षणिक वातावरण की सराहना की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मंशा व्यक्त की कि महावीर इंटरनेशनल द्वारा जल्द ही सांदीपनी विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जनसेवा से जुड़ा एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर कमला नेहरू स्कूल के प्राचार्य जे एल चौहान एवं सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य हुमराज पटले ने महावीर इंटरनेशनल का विशेष आभार व्यक्त किया।

प्राचार्यों ने कहा कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के अभियानों से विद्यार्थियों में न केवल पर्यावरण चेतना जागृत होती है, बल्कि उनमें सामाजिक सेवा के संस्कार भी रोपित होते हैं। गौरतलब है कि महावीर इंटरनेशनल एक प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन है, जो देशभर में कई जनहितैषी गतिविधियों के लिए जाना जाता है।

कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल से वीर तरूण सुराना, प्रेसीडेंट वीरा रीना कासल, वीरा डॉ. भारती सुराना, वीर जयप्रकाश अग्रवाल, गोपाल खंडेलवाल, संदीप रूसिया, संदीप कासल, राजेश सिंघई, सुरेश कुर्वे, पुरुषोत्तम पालीवाल, डीसी डहरवाल, सेवा निवृत्त प्राचार्य टिहलीबाई उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय, शिवशंकर मंडलेकर व्याख्याता सेवानिवृत्त, संगीता कासल, साधना मॉडल, श्रुति पालीवाल, मीनाक्षी ठाकरे, डी.पी.डहरवाल, सक्षम सुराना, उत्कर्ष कासल, दुर्गा नंदनवार, नरेन्द्र चौरे आदि उपस्थित रहे।

# वारासिवनी-कटंगी मार्ग पर बड़ा हादसा: डिवाइडर से टकराकर पलटा गिट्टी से भरा डंपर, दोनों पहिए टूटे..

## भीषण टक्कर से उखड़े वाहन के अगले पहिए, क्रेन से हटाया गया डंपर; चालक-परिचालक बाल-बाल बचे



जगप्रेरणा वारासिवनी (बालाघाट)।

*वारासिवनी-कटंगी मुख्य मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के समीप बीती रात शनिवार लगभग 1 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सिवनी जिले के बंडोल स्थित क्रशर से गिट्टी भरकर आ रहा एक डंपर (क्रमांक MP 48 H 0663) अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराया।*

टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर के सामने के दोनों पहिए (चक्के) धुरा सहित उखड़कर अलग हो गए और वाहन सड़क पर ही पलट गया। इस दौरान डंपर में भरी गिट्टी भी पूरी सड़क पर बिखर गई। गनीमत रही कि इस खौफनाक हादसे में चालक और परिचालक (हेल्पर) पूरी तरह सुरक्षित बच गए।

## धमाके की आवाज से जगे नागरिक, पुलिस को दी सूचना

रात के सन्नाटे में टायर फटने और डंपर पलटने की भीषण आवाज सुनकर आसपास के रहवासी दहल गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी और डायल 112 को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया।

## बिना रिफ्लेक्टर का डिवाइडर बना हादसे का कारण

डंपर चालक के अनुसार, सड़क के बीच स्थित डिवाइडर पर न तो कोई रेडियम संकेतक (रिफ्लेक्टर) लगा है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड। बीती रात घने अंधेरे के कारण डिवाइडर स्पष्ट नजर नहीं आया, जिससे तेज रफ्तार डंपर सीधे उससे टकरा गया।

## लगभग 11 बजे क्रेन से हटा डंपर, तब सुगम हुआ यातायात

हादसे के बाद डंपर के पलटने और सड़क पर गिट्टी फैल जाने से कटंगी मार्ग पर आवागमन एक तरफसे बाधित हो गया था। इसके बाद सुबह लगभग 11 बजे क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त डंपर को सड़क से हटाया गया और बिखरी गिट्टी को साफकराया गया। इसके बाद ही मार्ग के एक तरफसे वाहनों की आवाजाही पुनः सुचारू रूप से शुरू हो सकी।

# गंदी-गंदी गालियॉ देकर मारपीट करने वालो को सश्रम कारावास..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

*माननीय न्यायालय सुश्री नेहा बाथरी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, वारासिवनी, जिला बालाघाट (म.प्र.) ने न्यायालयीन प्रकरण क्रं. 515/2020 आरक्षी केन्द्र लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र.) के अपराध क्रं. 264/2020 में अभियुक्तगण 1. पीतम पिता खेदिया मसकरे,* उम्र 55 वर्ष 2. प्रमिला उर्फ रामकला पति पीतम मसकरे, उम्र 50 वर्ष 3. इन्द्रकुमार पिता पीतम मसकरे, उम्र 24 वर्ष 4. जितेन्द्र पिता पीतम मसकरे, उम्र 32 वर्ष, सभी निवासी ग्राम खुरपोड़ी, थाना लालबर्रा, जिला बालाघाट को धारा 324 सहपठित धारा 34 (दो शीर्ष) में भा.द.सं. के अपराध में 06-06 माह का सश्रम कारावास एवं 500-500/- रूपये (पॉच-पॉच सौ रूपये) के अर्थदण्ड से दंडित किया गया एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में अभियुक्तगण को 15-15 दिवस का साधारण कारावास पृथक से भुगताया जाने का आदेश पारित किया गया। सहायक निदेशक श्री कपिल कुमार डेहरिया के कुशल मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी श्री प्रणव राजनेगी, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी द्वारा की गई।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि - दिनांक 24.06.2020 को रात्रि करीब 08:00 बजे प्रार्थिया अपने घर पर टी.व्ही. देख रही थी, तभी घर के बाजू के कमरे से उसके पिता की आवाज आई तो वह बाजू के कमरे में दौड़कर गई तो पीतम मसकरे लकड़ी के डंडे से, जितेन्द्र मसकरे लकड़ी की पटिया से तथा इन्द्र कुमार मसकरे लकड़ी का डंडा लेकर उसके पिता को मारपीट कर रहे थे। उसी समय रामकला मसकरे आई और हाथ, मुक्को से उसके पिता की मारपीट कर गाली-गलौच करने लगी। पिताजी को इन्द्रकुमार, जितेन्द्र व पीतम ने सिर, हाथ, पैर व सीने पर मारपीट किये तथा रामकला ने हाथ-मुक्को से मारपीट की।

इसी बीच प्रार्थिया की मॉ बीच-बचाव करने गई तो उसकी मॉ को पीतम, जितेन्द्र व इन्द्रकुमार न लकड़ी डंडे से सिर पर, दोनों हाथ, घुटने व पीठ में मारपीट किये और जितेन्द्र व रामकला ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। चारो अभियुक्तगण प्रार्थिया के पिताजी व मॉ को मॉ-बहन की गंदी-गंदी गालियॉ देकर धमकी दे रहे थे कि दोबारा हमारी जमीन पर कब्जा करने आओगे तो जान से खत्म कर देगें । पुलिस थाना लालबर्रा द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था । माननीय न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्य एवं तथ्यों पर विश्वास करते हुए अभियुक्तगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डादिष्ट किया।

# माननीय न्यायालय ने मारपीट करने वाले आरोपी राजा बंशकार को 1 माह का कारावास एवं 1000/-रू अर्थदंड से दंडित किया..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान राज पांडे जिला बालाघाट ने न्यायालय के प्रक0क्रं0 910/2021 आरक्षी केंन्द्र कोतवाली जिला-बालाघाट के अप.क्र. 687/2019 में अभियुक्त - राजा बंशकार पिता श्याम बंशकार, उम्र-25 वर्ष,निवासी वार्ड नं.-24 इंदिरा नगर बालाघाट, जिला-बालाघाट, म.प्र को दोषसिद्ध करते हुए धारा 323 भादवि में 1 माह का साधारण कारावास एवं 1000/-रू अर्थदंड से दंडित किया।*

श्री कपिल कुमार डहेरिया, सहायक संचालक (अभियोजन) के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी श्री सुरेन्द्र कुमार उइके सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, बालाघाट द्वारा की गई।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि - दिनांक 16.12.2019 को फरियादी राहुल लिल्हारे द्वारा इस आशय की सूचना दी गई कि वह वार्ड नं.24 झुग्गी झोपड़ी में परिवार सहित रहता है व मजदूरी का काम करता है। दिनांक 16.12.2019 को वह काम से घर आ गया था और घर से राजश्री लेने रोड किनारे दुकान आया था। उसी समय रात्रि करीबन 08:00 बजे राजा बंशकार की मम्मी बोली कि देख ले बेटा तेरे चाचा उठ नहीं रहे है उठा दे, तो वह राजा बंशकार के घर के आंगन में पहुंचा, तभी राजा अंदर से निकला और उसे मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुये ''मेरे हिस्से के रू.1000/- कब देगा बोला।

उसने गाली देने से मना किया तो राजा ने हाथमुक्कों से मारपीट कर नीचे से ईंट उठाकर उसे मारा, जिससे उसे चोट आई।घटना के समय आरोपी जान से खत्म करने की धमकी दे रहा था।

उक्त शिकायत के आधार आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 687/2019 अन्तर्गत धारा 294, 323, 506 भा.दं.सं. का पंजीबद्ध कर अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। सम्पूर्ण अनुसंधान पूर्ण कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय ने विचारण उपरांत उक्त आरोपी को उपरोक्त दंड से दंडित किया।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*

# एमपी पर्यटन क्विज़ में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाड़ाघाट ने जिला स्तर पर प्राप्त किया द्वितीय स्थान..

## कटंगी क्षेत्र के बच्चों ने कमाया नाम गुरुजनों और माता-पिता ने दी बधाई



जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित एमपी पर्यटन क्विज़ 2026 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाड़ाघाट, विकासखंड कटंगी, जिला बालाघाट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा तन्वी नगपुरे, छात्रा प्रियांका बोपचे एवं छात्र शिवम बोपचे ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और टीमवर्क के बल पर यह उपलब्धि हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस सफलता के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन श्री विनीत गौतम, माध्यमिक शिक्षक द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री महेंद्र कुमार डहेरिया ने सभी विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इस उपलब्धि के फलस्वरूप प्रत्येक विजेता विद्यार्थी को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटक के रूप में तीन दिवस एवं दो रात्रि का विशेष पर्यटन पैकेज प्रदान किया जाएगा। इस पैकेज के अंतर्गत उन्हें मध्य प्रदेश के किसी एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान (नेशनल पार्क) का भ्रमण कराया जाएगा, जिससे उन्हें राज्य की समृद्ध जैव विविधता, वन्यजीव एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को निकट से जानने और देखने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यालय की इस उल्लेखनीय सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।




विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# रोमांचक फाइनल में इंदौर को हराकर मंडला बना जूनियर बॉयज़ राज्य फुटबॉल चैंपियन, तिरोड़ी में हुआ भव्य समापन





जगप्रेरणा तिरोड़ी (बालाघाट)।

***क्षेत्र के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए तिरोड़ी में आयोजित मध्यप्रदेश जूनियर बॉयज़ राज्य फुटबॉल चैम्पियनशिप 2026-27 का समापन 5 अगस्त 2026 को बेहद रोमांचक और ऐतिहासिक रहा। खेल प्रेमियों की भारी मौजूदगी में***

खेले गए इस महामुकाबले में डीएफए **(DFA)** मंडला ने डीएफए **(DFA)** इंदौर को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। तिरोड़ी की धरती पर पहली बार आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ने न केवल क्षेत्र के खेल कौशल को प्रदर्शित किया, बल्कि स्थानीय युवाओं में खेल के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार भी किया।पेनल्टी शूटआउट में तय हुआ खिताब का फैसलाचैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला शुरुआत से ही बेहद कड़ा और संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमों के फॉरवर्ड और डिफेंडर्स ने उत्कृष्ट तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। इंदौर और मंडला की टीमों ने एक-दूसरे के गोल पोस्ट पर कई खतरनाक आक्रमण किए, लेकिन दोनों ही पक्षों की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण मैच का फैसला मुख्य समय में नहीं हो सका। इसके बाद मैच को निर्णायक मोड़ पर ले जाने के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। दबाव के इन क्षणों में मंडला के खिलाड़ियों ने गजब के धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए गेंद को चार बार नेट में डाला, जबकि इंदौर की टीम केवल दो ही गोल कर सकी। इस तरह मंडला ने 4-2 से खिताबी जीत अपने नाम की।लांजी विधायक ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन, 'गौरव तिरोड़ी फुटबॉल क्लब' का हुआ आगाजसमापन समारोह के मुख्य अतिथि लांजी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री राजकुमार कर्राहे रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को चमचमाती ट्रॉफी और पदक प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए विधायक करराहे ने कहा कि खेल हमें अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं। हार और जीत खेल के दो पहलू हैं, लेकिन मैदान पर दिखाया गया जज्बा सबसे महत्वपूर्ण है।इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के लिए एक और बड़ी सौगात सामने आई। समारोह के दौरान ÷गौरव तिरोड़ी फुटबॉल क्लब, कटंगी÷ का आधिकारिक शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि यह क्लब क्षेत्र की ग्रामीण और छिपी हुई युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें तराशकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।उत्कृष्ट प्रबंधन और सफल संचालन की सराहनाप्रतियोगिता को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में मैच कमिश्नर श्री चंद्रा मलिक (जबलपुर) के मार्गदर्शन की सराहना की गई। उनके तकनीकी कौशल और तिरोड़ी मंडल अध्यक्ष श्री अविनाश देशमुख व पूरी आयोजन समिति के अथक सहयोग से पूरी प्रतियोगिता का संचालन उत्कृष्ट और अनुकरणीय रहा।मैदान पर खेल भावना, अनुशासन और युवा जोश का यह अनूठा उत्सव आने वाले वर्षों में क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। समापन के अवसर पर मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन, जिला फुटबॉल संघ बालाघाट, स्थानीय प्रशासन, तिरोड़ी मॉयल **(MOIL)** प्रबंधन सहित सभी रैफरी, मैच अधिकारियों, स्वयंसेवकों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# कटंगी नगर में हुई मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरुआत..

## शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले हितग्राही.. राधेश्याम चौधरी

## योजना के चलते रैली जन संवाद वृक्षारोपण का हुआ कार्यक्रम घर-घर पहुंची नगर परिषद योजना का किया निराकरण



जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार नगरी क्षेत्र कटंगी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान कार्यक्रम की शुरुआत 7 अगस्त 2026 से वार्ड नंबर 1 अर्जुन नाला गांधी चौक से की गई जो अभियान आगामी 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार को संचालित किया जाएगा***

नगर के विभिन्न वार्ड में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का मैदान पर जाकर तुरंत समाधान करना और सरकारी योजनाओं की जमीनी प्रभावशीला का आकलन करना

### निकाली रैली हुआ जन संवाद वृक्षारोपण

मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 7 अगस्त को वार्ड नंबर 1 कटंगी गांधी चौक पर सुबह 10:00 बजे जनप्रतिनिधि के अलावा नगर परिषद का समस्त परिवार उपस्थित रहा गांधी जी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाने के बाद वार्ड में रैली निकाली गई जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया रैली के माध्यम से नगर परिषद जनता के द्वारा पहुंची समस्याओं का समाधान किया गया वहीं महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया गया वहीं वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम किया गया और वृक्ष से हमें वर्तमान में और भविष्य में क्या फायदे हैं वृक्षारोपण क्यों जरूरी है इन सब बारे में बताया गया

### शासन की योजना का लाभ ले नगर के हितग्राही.. राधेश्याम चौधरी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम की शुरुआत में जनता को संबोधित करते हुए बताएं कि प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा जनता के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है जो उनके जीवन में आवश्यक है योजनाओं से हितग्राही को लाभ मिलता है योजना का लाभ आप सभी को लेना चाहिए शासन की योजना आपके और आपके परिवार के लिए बनाई गई है इस कार्यक्रम के तहत तुरंत योजना का लाभ दिया जा रहा है और योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है शासन की इच्छा अनुसार हमारे नगर परिषद अब आपके दरवाजे पर पहुंच रही है।

### विभिन्न महत्वपूर्ण योजना चल रही प्रदेश सरकार.. शिल्पा मेश्राम

कटंगी नगर परिषद की उप यंत्री शिल्पा मेश्राम द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एक विशेष प्रशासनिक पहल है इसके चलते योजना का लाभ लेने वाले हितग्राही जो नगर परिषद नहीं पहुंच पाए उनके लिए उनके घर और दरवाजे तक पहुंचने का अभियान सरकार द्वारा चलाए जा रहा है जिसके चलते हितग्राही को घर पहुंच योजना मिले और समस्या का तुरंत निराकरण हो केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है जो जनता के लिए बहुत लाभदायक है योजना किसी भी प्रकार की हो संबंधित दस्तावेज लेकर संपर्क करें आपको योजना का लाभ मिलेगा इसके अलावा विस्तार से उपयंत्री शिल्पा मेश्राम द्वारा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

### मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान मैं उपस्थित रहा नगर परिषद परिवार और पार्षद प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री धन विश्वास अभियान की शुरुआत कटंगी नगर के वार्ड नंबर 1 से की गई अभियान मुख्य रूप से उपस्थित रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि योगराज ठाकरे, दिमांग चंद टेभरे, खेमू कोचर, नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपयंत्री शिल्पा मेश्राम, अशोक दुबे, राजेश चौकसे, भवानी पांडव, प्रियंका मरकाम, प्रियंका नेताम, सुनील मरकाम,शशील गडपाल,राहुल चुटेलकर, एकता पटले, सुषमा मानकर, अकुश तिवारी, पूजा लाहोरी के अलावा समस्त स्टाफ नगर परिषद उपस्थित रहा कार्यक्रम का मंच संचालन अरविंद दरवडे द्वारा किया गया

# कटंगी बिजली कंपनी परिसर के शंकर मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक, सुख-समृद्धि की कामना



जगप्रेरणा कटंगी।

***स्थानीय मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय परिसर में स्थित भगवान शिव के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बिजली कंपनी के***

अधिकारी-कर्मचारियों सहित स्थानीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और क्षेत्र की खुशहाली तथा सुख-समृद्धि की कामना की।

### मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ पूजन

परिसर के शंकर मंदिर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में बिजली कंपनी के सहायक अभियंता (एई) राजीव रंजन अपनी धर्मपत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शामिल हुए। पूजन अनुष्ठान को क्षेत्र के विद्वान पंडित मनीष तिवारी द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। पंडित तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का आवाहन किया। इसके बाद उपस्थित यजमान परिवार द्वारा माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय और देवों के देव महादेव का पूर्ण श्रद्धाभाव से पूजन किया गया।

### विविध पूजन सामग्रियों से हुआ अभिषेक

धार्मिक परंपराओं के अनुसार, भगवान शिव के प्रिय श्रावण/विशेष मास के उपलक्ष्य में आयोजित इस रुद्राभिषेक में दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गंगाजल, गन्ने के रस और पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक किया गया। इसके साथ ही भगवान आशुतोष को प्रिय बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल, चंदन, अक्षत और फल-फूल अर्पित किए गए। मंत्रोच्चार की गूंज से पूरा बिजली कंपनी परिसर भक्तिमय हो उठा।

### आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ समापन

रुद्राभिषेक और हवन-पूजन की पूर्णाहुति के बाद भगवान शिव की भव्य आरती की गई। आरती के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं, विभाग के कर्मचारियों और नगरवासियों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सहायक अभियंता राजीव रंजन ने कहा कि शासकीय कार्यों की व्यस्तता के बीच इस तरह के धार्मिक आयोजन मन को शांति और नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और टीम भावना भी सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्युत वितरण कंपनी कटंगी के समस्त स्टाफ लाइनमैन और स्थानीय नागरिकों का सराहनीय सहयोग रहा।

# स्वतंत्रता दिवस पर गांधी चौक कटंगी में शान से लहराएगा तिरंगा

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर कटंगी एसडीएम ने ली बैठक उपस्थित रहे अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि..








जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***15 अगस्त 2026 दिन शनिवार को जहां एक तरफ पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाना है वहीं बालाघाट जिले के कटंगी नगर परिषद अंतर्गत कटंगी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी की जा रही है***

जिसके चलते जिला कलेक्टर के आदेश पर कटंगी एसडीएम कैलाश चंद्र ठाकुर द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन कंटगी जनपद पंचायत के मीटिंग हाल में किया गया

### कटंगी गांधी चौक में होगा मुख्य समारोह

कटंगी एसडीएम ठाकुर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष अनुसार स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाना है गांधी चौक कटंगी में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा वही सभी सरकारी कार्यालय और ग्राम पंचायत में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाना है मुख्य समारोह से संबंधित नगर परिषद के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी एसडीएम ठाकुर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए वहीं ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण संबंधित दिशा निर्देश दिए गए वहीं मुख्य समारोह में सुविधाओं का ध्यान रखते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाने और तैयारी करने निर्देश दिए

स्वतंत्रता दिवस को लेकर नगर में साफ सफाई कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई पानी की व्यवस्था बैठक की व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान दैनिक के निर्देश नगर परिषद कटंगी को दिए गए बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे कटंगी एसडीएम कैलाश चंद्र ठाकुर, कटंगी तहसीलदार, उपयंत्री नगर परिषद कटंगी शिल्पा मेश्राम, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम, कटंगी नगर परिषद की प्रभारी अध्यक्ष धर्म कला देशमुख, पार्षद प्रतिनिधि खेमू कोचर, महाविद्यालय और विद्यालय के प्राचार्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के अलावा सभी बात के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे

# बिरसा से भोरमदेव के लिए रवाना हुई भव्य कावड़ यात्रा, 90 किमी का सफर तय कर जल अर्पित करेंगे 120 शिवभक्त



जगप्रेरणा बिरसा।

***क्षेत्र में सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक भव्य कावड़ यात्रा का शुभारंभ पिपलेश्वर महादेव हनुमान शिव मंदिर बिरसा थाना के पास से बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ हुआ। बोल बम समिति बिरसा के तत्वावधान में आयोजित यह यात्रा छत्तीसगढ़ स्थित प्रसिद्ध भोरमदेव महादेव मंदिर के लिए रवाना हुई है।***

वर्ष 2013 से लगातार आयोजित की जा रही यह कावड़ यात्रा इस वर्ष भी क्षेत्र के श्रद्धालुओं और नवयुवकों के विशेष उत्साह के साथ निकाली जा रही है।

### 03 दिनों में 90 किलोमीटर की कठिन यात्रा

यह धार्मिक यात्रा तीन दिवस की होती है, जिसमें कावड़िया लगभग 90 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं। अत्यंत कठिन और परीक्षा लेने वाली इस यात्रा को शिवभक्त भोले बाबा के जयकारों और अटूट श्रद्धा के बल पर मुस्कुराते हुए पूर्ण करते हैं।

यात्रा का समापन सोमवार को भोरमदेव महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर होगा। इस वर्ष कावड़ यात्रा में कुल 120 कावड़िया शामिल हुए हैं।

### समिति और ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में बोल बम समिति बिरसा के अध्यक्ष दीपक शरणागत, उपाध्यक्ष प्रहलाद शिव व कुणाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मौसम प्रजापति, सचिव कृष्ण कुमार पाटले सहित समिति के सदस्य राहुल शरणागत, अपूर्व कुशरे, उमा प्रजापति, संदीप जायसवाल, महेश वरलानी, देवीलाल ठाकरे, मुनेश पटले, मोनू शिव, दीपक तुरकर, तपेश तुरकर, विजय यादव, धनराज, तरुण तुरकर एवं समस्त ग्रामवासियों, व्यापारियों तथा सनातनी बंधुओं का सराहनीय और भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# सांस्कृतिक सभा मंच का का किया गया लोकार्पण



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

ताम्र परियोजना मलाजखंड के सीएसआर मद से निर्मित बड़ा देव भवन में कैप्टन जयपाल सिंह मुंडा सांस्कृतिक सभा मंच का लोकार्पण शनिवार को विधायक संजय उइके और नागेश शेणाय अधिशासी निदेशक ताम्र परियोजना मलाजखंड की उपस्थिति में किया गया। इस समारोह में आदिवासी विकास समिति एवं मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी, आदिवासी समाज के वरिष्ठजन, एचसीएल के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर द्रोपकिशोर मेरावी, विधायक प्रतिनिधि, लखन सिंह मेरावी, अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद बिरसा, रोहन पंद्रे, महासचिव आदिवासी विकास परिषद मलाजखंड, प्रमोद कुमार, हिमांशु पाणिग्रही, संजय यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। यह मंच आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके माध्यम से स्थानीय समुदाय को अपनी सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रदर्शित करने का एक नया अवसर मिलेगा। इस पहल से आदिवासी समाज के विकास में भी योगदान होगा। इस प्रकार, सांस्कृतिक सभा मंच का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल स्थानीय संस्कृति को संरक्षित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।







## लियोनल मेसी के पिता का 68 साल की उम्र में हुआ निधन, पिछले काफी समय से चल रहे थे बीमार...

डेस्क जगप्रेरणा।

***फुटबॉल की दुनिया के महान खिलाड़ियों में शामिल लियोनल मेसी को भारी दुख का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 68 साल की उम्र में उनके पिता जॉर्ज मेसी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है।***



जॉर्ज मेसी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे, जिसके चलते उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं फीफा वर्ल्ड कप के दौरान भी मेसी अपने पिता की हेल्थ को लेकर काफी चिंतित दिखाई दिए थे। मेसी को एक सफल फुटबॉल खिलाड़ी बनाने में उनके पिता जॉर्ज की काफी अहम भूमिका रही है, जिसमें उन्होंने लंबे समय तक अपने बेटे के एजेंट के तौर पर भी काम किया है।

### पिता के संघर्ष के चलते मेसी बन पाए सफल फुटबॉल खिलाड़ी..

लियोनल मेसी के लिए उनके पिता का निधन किसी बड़े झटके से कम नहीं है क्योंकि उन्हें महान फुटबॉल खिलाड़ी बनाने में पिता जॉर्ज मेसी की काफी बड़ी भूमिका रही है। मेसी को बचपन में ग्रोथ हार्मोन की कमी थी जिसका उनको इलाज कराना पड़ा था। पिता जॉर्ज ने अपने बेटे के लिए जरूरी इलाज कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी। बचपन में मेसी न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की यूथ टीम से खेलते थे। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में लियोनेल मेसी ने बताया था कि उनका परिवार मुश्किल दौर से गुजर रहा है, लेकिन उन्होंने अपने पिता की हालत के बारे में कोई खास जानकारी नहीं दी थी। इसके बाद उनके परिवार की तरफसे जारी किए गए आधिकारिक बयान में जानकारी दी गई कि जॉर्ज मेसी अभी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं और अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

### वर्ल्ड कप में अल्जीरिया के खिलाफ मैच में मेसी हुए थे भावुक..

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अर्जेंटीना की टीम लियोनल मेसी की कप्तानी में फाइनल तक का सफर तय करने में कामयाब हुई थी, लेकिन खिताबी मैच में उन्हें स्पेन से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था। लियोनल मेसी वर्ल्ड कप में अल्जीरिया के खिलाफ ग्रुप स्टेज के मुकाबले में गोल करने के बाद काफी भावुक हो गए थे,

जिसमें मैच के बाद उनसे रोने का कारण पूछा गया तो मेसी ने जवाब दिया था कि मेरे रोने का फुटबॉल से कोई लेना-देना नहीं है, मेरे पिछले कुछ दिन काफी मुश्किल भरे गुजरे हैं। बता दें कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में दूसरे नंबर पर थे, जिसमें वह सिर्फ किलियन एमबापे से पीछे थे।

## स्वरा भास्कर अस्पताल में हुईं भर्ती, डेंगू से हाल हुआ बेहाल, तस्वीर शेयर कर दी हेल्थ अपडेट...

डेस्क जगप्रेरणा।

***सलमान खान की फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' में अपनी भूमिका के लिए मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अस्पताल के बिस्तर से उनकी हैरान कर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं।***



शनिवार, 08 अगस्त 2026 को तस्वीर शेयर करते हुए, एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ अपनी सेहत से जुड़ी जानकारी शेयर की है। इन दिनों डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं और इस बीमारी की चपेट में आने वाली लेटेस्ट सेलिब्रिटी स्वरा भास्कर भी हैं। 'रांझणा' फिल्म की एक्ट्रेस ने अपने लक्षणों या इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी है कि वह कितने समय से अस्पताल में रहेगी।

### अविका गौर के बाद स्वरा भास्कर को हुआ डेंगू..

स्वरा भास्कर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हॉस्पिटल बेड से एक तस्वीर शेयर की और बताया कि अब वह किस हालत में हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर शेयर कर लिखा, 'सब कुछ कितनी तेजी से हो गया। डेंगू हो गया और हॉस्पिटल में भर्ती होना पड़ा!' इस बीच 'बालिका वधू' की एक्ट्रेस अविका गौर को भी डेंगू होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके पति मिलिंद चंदवानी ने उनकी सेहत के बारे में जानकारी दी और बताया कि एक्ट्रेस बीमार होने के बावजूद काम कर रही थीं। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मैसेज शेयर करते हुए मिलिंद ने बताया कि अविका पिछले पांच दिनों से तेज बुखार से जूझ रही थीं।

### स्वरा भास्कर का आखिरी शो..

स्वरा बॉलीवुड फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय और सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस के काम की बात करें तो स्वरा भास्कर आखिरी बार टेलीविजन रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में अपने पति फहाद अहमद के साथ नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने अभी तक अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में कोई घोषणा नहीं की है। एक्ट्रेस के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2009 में फिल्म 'मधोलाल कीप वॉकिंग' से की थी। स्वरा भास्कर की आखिरी फीचर फिल्म 'मिसेज फलानी' है, जो साल 2023 में आई थी।

## आकांक्षा चमोला अपने नाम के आगे से हटाना चाहती हैं गौरव खन्ना का सरनेम, मेटा से मांगी मदद, लिखा खत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***नेटफ्लिक्स के रियेलिटी शो 'लॉक अप 2' के दौरान आकांक्षा चमोला ने खुद को लेकर कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए थे। शो के दौरान आकांक्षा ने बताया था कि वह और गौरव खन्ना करीब 1 साल से अलग रह रहे हैं***



और अब शो के खत्म होने के बाद आकांक्षा चमोला अपने नाम के आगे से गौरव खन्ना का नाम हटाना चाहती हैं और इसके लिए उन्होंने अपने इंस्टाग्राम यूज़रनेम को लेकर मेटा इंडिया से मदद मांगी है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर यूज़रनेम बदलने के लिए मेटा से 'तुरंत मदद' की गुहार लगाई है। दरअसल, आकांक्षा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में यूजरनेम अभी एक्टर गौरव खन्ना का नाम जुड़ा हुआ है। शुक्रवार को आकांक्षा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेटा इंडिया को टैग किया और उनसे इस मामले पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार कोशिश करने के बावजूद वह यूजरनेम बदल नहीं पा रही हैं।

### आकांक्षा चमोला ने मेटा से मांगी मदद..

आकांक्षा चमोला ने अपना इंस्टाग्राम यूजरनेम बदलने के लिए मेटा इंडिया से मदद मांगी है और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा को एक आधिकारिक पत्र भी लिखा है। आकांक्षा ने इंस्टाग्राम पर मेटा, मेटा इंडिया, इंस्टाग्राम को टैग करते हुए अपनी परेशानी बताते हुए लिखा, ' यूजरनेम बदलने के लिए तुरंत मदद चाहिए। अभी वेरिफिकेशन से जुड़ी पाबंदियों के कारण, कई बार कोशिश करने के बाद भी हम यूजरनेम नहीं बदल पा रहे हैं। अगर आपकी टीम इस मामले को देखे और कोई समाधान बताए तो हमें अच्छा लगेगा।'

### आकांक्षा चमोला के इंस्टाग्राम यूजरनेम में है गौरव खन्ना का नाम..

आकांक्षा चमोला ने ये पोस्ट 'लॉक अप 2' के खत्म होने के कुछ समय बाद आया है। आकांक्षा, लॉकअप 2 से फिनाले वीक के दौरान बाहर हो गई थीं। 'लॉक अप 2' के अपने सफर के दौरान, वह शो की सबसे चर्चा में रहने वाली कंटेस्टेंट में से एक थीं। आकांक्षा चमोला ने प्रीमियर एपिसोड के दौरान ही ये खुलासा कर दिया था कि वह और गौरव खन्ना एक साल से अलग-अलग रह रहे हैं और अब वह तलाक लेने जा रहे हैं। उन्होंने अपना दूसरा सीक्रेट खोलते हुए बताया था कि वह बाइसेक्शुअल हैं। लेकिन, आकांक्षा शो के दौरान अपना तीसरा सीक्रेट खुलने से बुरी तरह घबरा गई थीं।

### शो में आकांक्षा से मिलने पहुंचे थे गौरव खन्ना..

'लॉकअप 2' के एक एपिसोड में गौरव खन्ना आकांक्षा से मिलने शो में पहुंचे थे, जहां बातचीत के दौरान, उन्होंने अपने तलाक पर चर्चा की, जिसमें गौरव ने साफ किया कि अभी तक कुछ भी ऑफिशियल नहीं हुआ है। दरअसल, शो में आने से पहले, कंटेस्टेंट्स को एक कार्ड चुनना था और आकांक्षा ने 'एक्सपोज' कार्ड चुना। फिर उनसे एक राज बताने के लिए कहा गया। इसी टास्क के दौरान उन्होंने पहली बार सबके सामने अपने तलाक की घोषणा की।

उन्होंने कहा, 'तो, मैं और गौरव तलाक ले रहे हैं। हम अलग हो गए हैं और एक साल से अलग-अलग रह रहे हैं। यह बात पब्लिक नहीं हुई थी, लेकिन हां अब... हम पिछले साल से इस बारे में सोच रहे हैं। तो, हमारे बीच चीज़ें खराब नहीं हैं, हम एक-दूसरे से बात करते हैं। लेकिन हमें यह भी लगता है कि हम पार्टनर के तौर पर एक-दूसरे के साथ सही नहीं बैठते क्योंकि हम दोनों का भविष्य को लेकर नजरिया अलग है। हमारे बीच कोई कड़वाहट नहीं है।'

## रमनदीप सिंह ने एक्ट्रेस चार्ली चौहान से रचाई शादी, जश्न में क्रिकेट जगत के सितारों ने की शिरकत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी एक्ट्रेस चार्ली चौहान ने क्रिकेटर रमनदीप सिंह के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर करके अपने फैंस को चौंका दिया है। इस जोड़े ने 7 अगस्त 2026 को एक गुरुद्वारे में सादे पारंपरिक पंजाबी रीति-रिवाजों के साथ शादी की।***



शादी में सिर्फ परिवार के सदस्य, करीबी दोस्त, साथी क्रिकेटर और टेलीविजन इंडस्ट्री की हस्तियां शामिल हुई, जिनमें क्रिकेटर अर्शदीप सिंह, नमन धीर, अश्विनी कुमार और जसिंदर सिंह भी शामिल थे। सोशल मीडिया पर रमनदीप और चार्ली की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं।

### चार्ली चौहान बनीं रामदीप सिंह की दुल्हन..

रमनदीप सिंह और चार्ली चौहान ने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट पोस्ट में अपनी शादी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'हमारे 8 साल और आखिरकार हमेशा के लिए।' सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में उन्हें एक गुरुद्वारे में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शादी करते हुए देखा जा सकता है। अपनी शादी के खास दिन के लिए रमनदीप ने कढ़ाई वाली क्रीम शेरवानी पहनी और मरून पगड़ी के साथ अपना लुक पूरा किया। 'कैसी ये यारियां' में अपने रोल से मशहूर हुई चार्ली ने पारंपरिक मरून ब्राइडल लहंगा चुना और भारी गहनों के साथ अपना लुक पूरा किया।

### रमनदीप सिंह-चार्ली चौहान की शादी में पहुंचे ये स्टार्स..

इस जश्न में भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज नमन धीर, मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार और पंजाब के क्रिकेटर जसिंदर सिंह शामिल हुए। एक्टर जय भानुशाली ने शादी के जश्न की एक तस्वीर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। अर्शदीप ने भी इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर पोस्ट की और उन्हें बधाई दी। क्रिकेट और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़े उनके दोस्तों, शुभचिंतकों और फैंस ने इस कपल को बधाई दी।

### कौन हैं चार्ली चौहान?

ऑलराउंडर रमनदीप सिंह घरेलू क्रिकेट में पंजाब और इंडियन प्रीमियर लीग **(IPL)** की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। रमनदीप ने 13 नवंबर, 2024 को भारत के लिए अपना **T20I** डेब्यू किया और अब तक दो मैच खेले हैं। वह 2024 में **IPL** चैंपियनशिप जीतने वाली **KKR** टीम का हिस्सा थे, जबकि चार्ली 'कैसी ये यारियां' और 'बेस्ट फ्रेंड्स फॉरएवर' जैसे टीवी शो के लिए जानी जाती हैं। चार्ली पहली बार 2009 में **MTV** रोडीज 7 में एक कंटेस्टेंट के तौर पर टेलीविजन पर नजर आईं। बाद में उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

### चार्ली चौहान एक्टिंग डेब्यू..

2012 में चार्ली ने 'गुमराहः एंड ऑफ इनोसेंस' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। उसी साल उन्हें चैनल **V** के शो 'बेस्ट फ्रेंड्स फॉरएवर?' में अपना पहला बड़ा रोल मिला। इस शो में उन्होंने इलाक्षी सिंह का किरदार निभाया, जिन्हें प्यार से 'इला' कहा जाता था। चार्ली रियलिटी-टीवी की दुनिया का भी हिस्सा रही हैं। उन्होंने एक्टर-डांसर कुंवर अमर के साथ 'नच बलिए 5' में हिस्सा लिया था।

उस समय दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और टेलीविजन के सबसे चर्चित कपल में से थे। चार्ली को सबसे बड़ी सफलता 2014 में 'कैसी ये यारियां' से मिली, जिसमें पार्थ समथान और नीति टेलर भी थे। इस यूथ ड्रामा में चार्ली ने 'मुक्ति' का किरदार निभाया, जो दोस्तों के एक लोकप्रिय ग्रुप का हिस्सा थी।

## यशस्वी जायसवाल का नहीं खुला खाता, टेस्ट सीरीज से पहले खराब फॉर्म ने बढ़ाई टीम इंडिया की टेंशन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***श्रीलंका और भारत के बीच 15 अगस्त से टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इस सीरीज से पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय बन गया है। कोलंबो में खेले जा रहे तीन दिवसीय वॉर्म-अप मैच में जायसवाल अपना खाता भी नहीं खोल पाए***



और 2 गेंदों में डक पर आउट हुए। वो एक बार फिर बाएं हाथ के गेंदबाज के खिलाफआउट हुए हैं और यह पिछले कुछ समय से उनकी सबसे बड़ी कमजोरी साबित हो रही है।

### रेड बॉल क्रिकेट जायसवाल का हालिया प्रदर्शन रहा है खराब..

रेड बॉल क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल के हालिया आंकड़े उनके खराब फॉर्म की कहानी बयां करते हैं। पिछली 5 टेस्ट पारियों में वे केवल एक ही अर्धशतक बना पाए हैं। अगर इसमें श्रीलंका क्रिकेट **XI** के खिलाफअभ्यास मैच की पारी भी जोड़ दी जाए, तो वे पिछली 6 पारियों में दो बार डक पर आउट हुए हैं। उनकी इन 6 पारियों पर नजर डालें तो उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ चार पारियों में 0, 12, 13 और 58 का स्कोर बनाया। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में उन्होंने 24 रन जोड़े। हाल ही में श्रीलंका **XI** के खिलाफ वॉर्म-अप मैच में केवल 2 गेंदों का सामना करके शून्य पर पवेलियन लौट गए।

### अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में जायसवाल नहीं खेल पाए थे बड़ी पारी..

श्रीलंका सीरीज में यशस्वी जायसवाल पर केएल राहुल के साथ मिलकर भारतीय टीम को एक मजबूत शुरुआत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। हालांकि, अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले एकमात्र टेस्ट मैच में जायसवाल कुछ खास कमाल नहीं कर पाए थे और केवल 24 रन बनाकर आउट हो गए थे। इसके बावजूद, साल 2025 में उनका प्रदर्शन काफी शानदार रहा था, जहां उन्होंने 10 मैचों की 19 पारियों में 3 शतक और 3 अर्धशतक लगाते हुए कुल 745 रन बनाए थे। श्रीलंका सीरीज में भी जायसवाल बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

### केएल राहुल कर रहे हैं वॉर्म-अप मैच में कप्तानी..

वॉर्म-अप मैच की बात करें तो पहले दिन का खेल खत्म होने तक श्रीलंका **XI** की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 363 रन बना लिए थे। इसके बाद दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले श्रीलंका ने अपनी पारी घोषित कर दी।

जायसवाल के सस्ते में आउट होने के बाद स्टैंड इन कप्तान केएल राहुल और देवदत्त पडिकक्ल ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 50 से अधिक रनों की साझेदारी हो चुकी है। बता दें कि चोटिल होने की वजह से शुभमन गिल इस मैच में कप्तानी नहीं कर रहे हैं।

## अष्मिता चालिहा कोरिया मास्टर्स के फाइनल में..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अष्मिता चालिहा ने कोरिया मास्टर्स सुपर 300 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हमवतन रक्षिता श्री संतोष रामराज को 21.13, 16.21, 21.13 से हराकर पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में प्रवेश कर लिया। तीन महीने चोट के कारण कोर्ट से बाहर रही 26 वर्ष की चालिहा मकाउ ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंची थी।***




क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी जापान की हिना अकेची को हराकर वह सेमीफाइनल में पहुंची थी। रक्षिता ने क्वार्टर फाइनल में तन्वी शर्मा को हराया था।

विश्व रैंकिंग में 50वें स्थान पर काबिज चालिहा अब खिताब के लिए चीन की हान कियान शी से भिड़ेंगी। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज चौथी वरीयता प्राप्त कियान शी ने एक घंटे पांच मिनट तक चले दूसरे सेमीफाइनल में 22-20, 18-21, 21-14 से जीत हासिल की। चालिहा ने आक्रामक शुरुआत की और पहले ही गेम में 6-2 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक हासिल कर 13-6 की बढ़त बना ली और फिर यह गेम अपने नाम करने में देर नहीं लगाई। रक्षिता ने हालांकि दूसरे गेम में बहुत अच्छी वापसी की। उन्होंने इस गेम में शुरू से लेकर आखिर तक बढ़त बनाए रखी और मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

चालिहा ने तीसरे गेम में शानदार शुरुआत की और अपने करारे स्मैश के दम पर जल्दी ही 9-1 की बढ़त बना ली। इस बीच रक्षिता ने कुछ गलतियां की जिसका चालिहा ने पूरा फायदा उठाया। हैदराबाद की रहने वाली रक्षिता ने स्कोर का अंतर 7-12 तक कर दिया, जिसके बाद चालिहा ने फिर से अपनी लय हासिल करके स्कोर 15-7 कर दिया। चालिहा ने इसके बाद नौ मैच प्वाइंट हासिल किए और दो मौके गंवाने के बाद मैच अपने नाम कर दिया।



# लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति






दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## सेवा निवृत्ति समारोह..

आज कल सेवा निवृत्ति पर भव्य समारोह आयोजित कर अपने आत्मीय जनों, आलोचकों, मित्रों, एवं परिजनों को आमंत्रित कर उनसे कुछ उपहार प्राप्त कर बदले में भोजन या अल्प आहार करवाकर ,मंच पर फोटो खिंचवाकर गीत संगीत के साथ घर वापसी की परंपरा सी बन चुकी है।किसी चप रासी से लेकर बड़े अधिकारी तक को इस तरह सेवा निवृत्ति पर देखा सीखी करने या करवाने की आदत सी पड़ गई है।हमने अपने जमाने के कुछ लोगों को तो सिर्फशादी विवाह के मौके पर ही स्टेज पर पुष्पहारों से लदा हुआ देखा है या ज्यादा रईस हुआ तो जन्म दिन पर या वैवाहिक वर्षगांठ पर इस तरह का आयोजन आयोजित करते हुए देखा है किंतु÷ मोदी है तो मुमकिन है÷ के जुमले को याद करते हुए हमको ऐसा महसूस हुआ कि आजकल लोगों को रिटायर्ड शब्द से और अधिक उत्साहित होने की अनुभूति होती जा रही है।कई तो यह कहते हैं कि अब जीवन का दूसरा नया अध्याय का शुभारंभ हो रहा है अर्थात अपनी मन मर्जी से जिओ, मन मर्जी से जागो, मन मर्जी से सो जाओ ,मन मर्जी से नहाओ, मन मर्जी से खाओ और गप्प लड़ाओ।बात भी सही है किसी सरकारी या गैर सरकारी नौकरी चाकरी करते समय अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, स्वच्छता और सामाजिक सुचिता का ध्यान तो रखना ही पड़ता है।समय पर कार्यालय या कार्य स्थल,स्कूल, ओकालेज, दुकान ,बैंक या पोस्ट ऑफिस कहीं भी पहुंचना और समय पर लंच करना ,सामूहिक चाय पीना पड़ता है।इसमें कुछ कर्मचारी या अधिकारी जिनमें नेता गिरी के कीटाणु या विषाणु व्याप्त होते है वे भले ही नियमों का कर्तव्यों का शत प्रतिशत पालन नहीं करते हों किंतु अधिकांश बेचारे इस डर से कि कहीं वेतन कटौती न हो जाए, कहीं कोई कारण बताओ सूचना या आरोप पत्र न मिल जाए समय से बंध जाते हैं।खैर छोड़िए इन सब बातों से सेवानिवृत्ति वाले हमेशा के लिए मुक्त और स्वतंत्र होकर रहने की कल्पना करते हुए यह सोच कर जश्न मनाने टूट पड़ता है। पहले लगभग 56 या 58 वर्ष की उम्र में सेवकों को सेवा निवृत्त करने की शक्ति प्रशासन या मालिक को प्राप्त थी वो तो अच्छा हुआ कि कुछ सरकारी अफसरों और होशियार किस्म के कर्मचारी संघों ने दबाव, प्रभाव और सत्ताधारियों से लगाव स्थापित करके धीरे धीरे सेवा निवृत्ति की उम्र साठ वर्ष फिर बासठ वर्ष और कुछ विभागों में पैंसठ वर्ष तक करवा डाली

इन होशियार लोगों का इसी तरह साथ रहा तो हो सकता है सेवा निवृत्ति मृत्यु तिथि तक ही चलने का संशोधित आदेश सरकार को निकलना पड़ जाए।मुँह में दांत नहीं, पेट में स्वस्थ आंत नहीं, हार्ट , शुगर, ब्लड प्रेशर के साथ सरकारी काम या निजी काम का प्रेशर फिर भी लाठी टेकते हुए सेवा करने का आनंद लेने में कई

निपट जाएंगे और कार्य के दौरान या सेवा काल के दौरान मृत्यु होने का दावा करते हुए परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलवाने का परोपकारी कार्य भी करवाएंगे।खैर छोड़ो हमको आम खाने से मतलब रखना है गुठली गिनने के लिए एक अलग से जांच कमेटी, जांच आयोग और विशेष जांच दल बिठाने का कार्य तो शासन या प्रशासन का है।हमें तो जो नियमानुसार घर बिठा दिये गए हैं अर्थात रिटायर्ड हो गए हैं उनकी ,उनको प्राप्त होने वाली भारी भरकम राशि पर नजर लगाने वाले स्वार्थी लोगों की ज्यादा चिंता खाये जा रही है।अक्सर शासन या प्रशासन की एक विशेष किस्म या प्रजाति इन रिटायर्ड लोगों से उनके क्लेम्स या सेवा निवृत्ति उपरांत मिलने वाले स्वत्वों के ऊपर अपनी, ÷गिद्ध दृष्टि÷ गड़ाए हुए रहती है।

ये प्रजाति सेवा निवृत्ति समारोह में चुपचाप शामिल होकर इस तरह का गुरु मंत्र रिटायर्ड व्यक्ति के कानों में फूंक देती है कि बेचारा अपने ही आयोजन का रस गुल्ला या गुलाब जामुन ठीक से खा ही नहीं पाता।कभी भविष्य निधि में गड़बड़, तो कभी ग्रेच्युटी में कमी।कभी अर्जित अवकाश का मामला तो कभी गलत वेतन निर्धारण का रोना रोते हुए ये विशेष प्रजाति रिटायर्ड व्यक्ति से निर्लज्जता के साथ उसके स्वत्त्वो के भुगतान के लिए सेवा शुल्क या घूस की मांग कर बैठती है।बेचारे रिटायर्ड व्यक्ति की सेवा निवृत्ति समारोह का आनंद ही छिन जाता है।वह रस मलाई की जगह बालू शाही खाने और आइसक्रीम की जगह बर्फका गोला खाने की सोचने लगता है।इसी बीच कुछ अति उत्साही मित्र या शुभ चिंतक उसे शाल, श्री फल (नारियल) स्मृति चिन्ह या उपहार भेंट कर फोटो खिंचवाने में लग जाते हैं।कुछ लोग जो सेवा काल में रिटायर्ड व्यक्ति की तीखी आलोचना, बुराई करते रहे वे मंच पर जबरन चढ़कर उसके सम्मान में इस तरह प्रशंसा व्यक्त करते हैं कि वेब ही उसके सबसे ज्यादा हितैषी हों कई तो भारी भरकम पुष्पहार या पुष्पगुच्छ लेकर पहनाने लग जाते हैं।जो शुभ चिंतक कंजूस किस्म के होते हैं वे मंच पर पहले पहनाये हुए पुष्पहार या पुष्पगुच्छ को झटके से उठाकर उसे ही रिटायर्ड व्यक्ति को थमा देते हैं और फोटो खिंचवाने धक्का मुक्की तक करने लग जाते हैं।इनके चक्कर में उसे कुछ बोलना भी हो तो वह खुलकर बोल भी नहीं पाता।जब रिटायर्ड व्यक्ति के कुछ बोलने की पारी या अवसर आता है तो आधे से ज्यादा लोग प्रीति भोज या स्वल्पाहार का आनंद लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर चुके होते हैं।

अक्सर सभी के जाने के बाद कुछ बचे कूचे आत्मीय जनों मित्रों परिजनों द्वारा बाजे गाजे के साथ रिटायर्ड व्यक्ति को उसके निज निवास तक पहुंचाने की ,रंग एमएम गुलाल खेलने की व्यवस्था और पटाखे फोड़ने की व्यवस्था की जाती है। उसे देख कर हमको लगता है पूरे सेवा काल में तो बेचारे के अधिकारी या मालिक दिन रात उसके पटाखे फोड़ते रहे अब शांति से रहने का सुखद समय आया तो अपने ही लोग पटाखे फोड़ कर उसके साथ ही मोहल्ले की शांति भंग कर रहे हैं।क्या करें दिल है कि मानता नहीं।

जय हो सेवा निवृत्त भाग्य शाली साथियों की जिनके सभी स्वत्त्व समय पर भुगतान कर दिए गए।।

व्यंग्यकार
डॉ प्रणय श्रीवास्तव, 'अश्क'

## कांवड़ यात्रा : आस्था से आगे, वैज्ञानिक जीवनशैली का संदेश

भारत की सनातन परंपरा में कांवड़ यात्रा केवल भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, संयम, सेवा, सामूहिकता और प्रकृति के प्रति सम्मान का भी सशक्त संदेश देती है। यदि इस यात्रा को आधुनिक विज्ञान और समाजशास्त्र की दृष्टि से देखा जाए, तो यह स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन, सामाजिक समरसता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का एक जीवंत उदाहरण प्रतीत होती है। आवश्यकता इस बात की है कि यात्रा के इन सकारात्मक मूल्यों को केवल सावन के कुछ दिनों तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए।

कांवड़ यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष शारीरिक सक्रियता है। सैकड़ों किलोमीटर तक पैदल चलना हृदय, फेफड़ों, मांसपेशियों तथा चयापचय प्रणाली को सक्रिय करता है। चिकित्सा विज्ञान भी स्वीकार करता है कि नियमित पैदल चलना मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा तथा हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकता है। यही कारण है कि कांवड़ यात्रा का संदेश केवल यात्रा तक सीमित न रहकर पूरे वर्ष नियमित शारीरिक गतिविधि अपनाने की प्रेरणा देता है।

यह यात्रा मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्त्वपूर्ण संकेत देती है। सामूहिक प्रार्थना, भजन, ÷बोल बम÷ के उद्घोष तथा साझा उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने का अनुभव व्यक्ति में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक जुड़ाव की भावना को सुदृढ़ करता है। मनोविज्ञान के अनुसार सामाजिक सहभागिता, ध्यान, प्रार्थना और योग जैसी गतिविधियाँ तनाव प्रबंधन तथा मानसिक संतुलन में सहायक हो सकती हैं। आज जब तनाव, अवसाद और अकेलेपन की समस्या बढ़ रही है, तब इन सकारात्मक अभ्यासों को दैनिक जीवन में स्थान देना समय की आवश्यकता है।

कांवड़ यात्रा अनुशासित जीवन का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। यात्री समयबद्ध दिनचर्या अपनाते हैं, सात्विक भोजन करते हैं, संयम का पालन करते हैं तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं। यदि यही अनुशासन, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और आत्मनियंत्रण जीवन का स्थायी हिस्सा बन जाए, तो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कार्यक्षमता दोनों में सुधार संभव है।

इस यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक पक्ष भी है। विभिन्न जातियों, भाषाओं, आयु वर्गों और आर्थिक पृष्ठभूमि के लोग समान उद्देश्य से साथ चलते हैं। मार्ग में स्थापित सेवा शिविरों में भोजन, पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध कराई जाती हैं। यह परंपरा भारतीय समाज की सेवा-भावना और सामाजिक समरसता का परिचायक है। यदि यही सहयोग और सेवा की भावना वर्ष भर अस्पतालों, विद्यालयों, वृद्धाश्रमों, पर्यावरण अभियानों तथा अन्य सामाजिक कार्यों में दिखाई दे, तो समाज अधिक संवेदनशील और सशक्त बन सकता है।

कांवड़ में गंगाजल लाने की परंपरा जल के प्रति श्रद्धा और संरक्षण का सांस्कृतिक संदेश भी देती है। ऐसे समय में जब जल संकट वैश्विक चुनौती बन चुका है, यह परंपरा जल के विवेकपूर्ण उपयोग, वर्षा जल संचयन तथा नदियों और अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान करती है। आस्था और पर्यावरण संरक्षण का यह समन्वय आज के समय में विशेष रूप से प्रासंगिक है।

यात्रा के दौरान सीमित संसाधनों में रहना, प्रकृति के निकट समय बिताना तथा कई यात्रियों द्वारा डिजिटल उपकरणों के सीमित उपयोग का अनुभव आधुनिक जीवनशैली के संदर्भ में भी महत्त्वपूर्ण है। आज ÷डिजिटल डिटॉक्स÷ की अवधारणा पर विश्वभर में चर्चा हो रही है। यदि परिवार सप्ताह में कुछ समय मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रहकर संवाद, अध्ययन, प्रकृति और पारिवारिक गतिविधियों को दें, तो मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करने में सहायता मिल सकती है।

कांवड़ को दोनों कंधों पर संतुलित रखकर चलना केवल शारीरिक संतुलन का नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का भी प्रतीक है। यह संदेश देता है कि जैसे कांवड़ का भार दोनों ओर समान होना चाहिए, वैसे ही जीवन में कार्य और विश्राम, अधिकार और कर्तव्य, भौतिक प्रगति और आध्यात्मिक मूल्यों के बीच भी संतुलन आवश्यक है।

वास्तव में कांवड़ यात्रा को केवल धार्मिक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-प्रबंधन के वार्षिक प्रशिक्षण के रूप में भी देखा जा सकता है। यदि इस अवसर पर अपनाई गई स्वस्थ आदतें–नियमित पैदल चलना, योग एवं ध्यान, संयमित जीवनशैली, सेवा-भाव, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व आदि दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाएँ, तो इस यात्रा का प्रभाव कहीं अधिक व्यापक , स्थायी और प्रशंसनीय होगा।


कांवड़ यात्रा का वास्तविक संदेश यही है कि धर्म केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है; वह व्यक्ति, समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायी जीवन जीने की प्रेरणा भी देता है। जब अनुशासन हमारी दिनचर्या, सेवा हमारा स्वभाव, पर्यावरण संरक्षण हमारा कर्तव्य और स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता बन जाएँ, तभी कांवड़ यात्रा का उद्देश्य पूर्ण रूप से सार्थक होगा। तब यह केवल सावन की एक धार्मिक यात्रा नहीं रहेगी, बल्कि स्वस्थ, संतुलित, संवेदनशील और उत्तरदायी भारत के निर्माण की सतत प्रेरणा बन जाएगी।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 242



ck;s ls nk;s & 1) जुर्म, कसूर, दंड पाने योग्य काम करना 4) तुणीर 7) किंतू 9) चाय का प्याला (अं.) 11) सलाह, परामर्श 14) आवश्यकता 15) समान, तुल्य, बराबर 16) जिसको कान से सुनाई न देता हो 18) डरना, भय से त्रस्त होना, व्याकुल होना 20) बुरी आदत 21) मारे हुये 22) सेवक 23) हमेशा 24) व्याकुल 26) खरीद बिक्री 28) गायब, लापता 30) बिहार का वह शहर तजां भगवान बुद्ध को महाज्ञान प्राप्त हुआ था 31) एक तौल 32) आक्रमण 34) श्रीविष्णुजी का एक नाम 35) गैरजरुरी 37) हाथ 38) फायदा, लाभ 40) मौन, खामोश 42) शैव सम्प्रदाय के वे साधु जो वस्त्र धारण नहीं करते 43) श्रावण शुक्ला पंचमी, इस दिन नागों की पूजा की जाती है 45) चन्द्रमा 47) बिजली गिरने का शब्द, गर्जन 49) सीमा 51) दो पदार्थों के तल का परस्पर मिलना, सटना 53) चांदी 54) देखभाल, निगरानी 57) नृत्य 59) आवाज होना, शब्द निकलना 61) अलग, पृथक 63) वास्तव में 64) ऊल जलूल, व्यर्थ की बातें करना 66) एक दशरथ पुत्र 68) एक स्वयंघोषित मुगल सम्राट 70) मां की मां 72) उस समय 74) एक दल से दूसरे दल में प्रवेश करना 76) नाविक 78) निष्ठा 80) नाश, बरबाद 81) बहुत पतला (कपड़ा आदि) 83) बहुत तेज दौड़नेवाला एक चौपाया जानवर 85) सौगंध, शपथ 87) संगीत में सप्त स्वरों के उतार चढ़ाव का क्रम 89) द्वितीय 90) हमारा एक पड़ौसी देश 91) जिद्दी 92) कलम रखने का पात्र 94) मुहर (अंग्रेजी), एक संगीत प्रेमी मत्स्य 95) सब लोकों का भ्रमण करनेवाले एक देवर्षि 96) अथवा 97) मुसलमानों की प्रार्थना 99) किसी चीज का ऊपरी भाग 100) रिवाज, परिपाटी,, रस्म 103) सड़क पर केवल तमाशा देखनेवाले 106) अदब 107) घेरा 108) मिश्र देश की एक प्रमुख नदी का नाम, रामायण में एक वानर सेनापती 109) फंदा 110) सैनिक, युवक 111) कश्मीर राज्य का एक दर्शनीय स्थल जहां से अमरनाथ को प्रस्थान किया जाता है 114) प्रकार, भांति, किस्म 116) भौंचक्का 117) स्नानघर 118) दबाने की क्रिया, इंद्रियों की चंचलता को रोकना 119) अवयस्क

Aij l uhp & 1) वेद की प्राचीन शैली के अनुसार वर्ष का पहला महीना, मार्गशीर्ष 2) तहदार 3) शासन, रहस्य 4) अंधेरा 5) मुर्दा गाड़ने का गड्ढा 6) मधु 8) एक फिल्म अभिनेत्री जिसकी पहली फिल्म 'टारजन' थी 9) किस समय 10) शौर्य 12) एक पदार्थ की दूसरे पदार्थ में विलीन होने की क्रिया 13) रजनी 15) हमेशा 17) चैत्र शुक्ला नवमी,, श्रीरामजी का जन्म दिन 18) मकान, निवासस्थान 19) एक महीन कपड़ा 22) समुद्र में जहाज ठहरने का स्थान 23) शरम 25) देह, शरीर 27) सिलसिला, बारी 29) मोहित कराना, किसी काम में अनुरक्त कराना 30) गिनती 32) चेष्टा, गतिविधी,, आपत्ती जताना 33) महाभारत की पांचाली 35) विकलांग, अपाहिज 36) नृत्य करना 37) दासी,, सेविका 39) कश्मीर राज्य एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री 41) नग्न 44) किसी पदार्थ का घनत्व नष्ट होना, जीर्ण होना 46) एक किस्म का सुगंधित तंबाकू 48) जताना, मालूम कराना, स्त्री जैसा 50) किसी भार के नीचे आना 52) केश 54) विलंब 55) दौड़ (अंग्रेजी) 56) बुरा लगना, अखरना 58) थप्पड़ 60) किसी मंत्र आदि का बारबार उच्चारण 62) कुली,, भारवाहक 63) भाव, दाम, मूल्य 64) अमावस्या 65) ओस 67) चिंतन 68) पश्चात 69) बलुचिस्तान का निवासी 71) बोली लगाकर की जानेवाली बिक्री की व्यवस्था 73) यम लोक, नर्क 74) रावण 75) अपचन 77) पात्र, अधिकारी 79) एक भाषा 82) एक रत्न 84) बलवान 86) खलबली,, सनसनाहट 88) अशुद्ध 89) टेलिस्कोप 93) खेत का हराभरा होना 95) नश्वर 98) मृत्यु–जनित शोक 101) दक्षिण भारत का एक पर्वत 102) भारत का एक राज्य 104) घटना, वृत्तांत 105) नौ लाख के कीमतवाला (हार) 111) घाव से निकलनेवाला पीब 112) निराकरण, समाधान 113) गीत 114) ओर, थोड़ासा 115) चार युगों में एक (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# यूपीआई उपयोगकर्ताओं के लिए कोई शुल्क नहीं, व्यापारियों के लिए अधिकांश लेनदेन नि:शुल्क रहेंगे: सरकार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन के लिए एक विधेयक के पारित होने के बाद ऐसे लेनदेन पर शुल्क लगाने के संबंध में आशंकाओं को दूर करने के लिए सरकार ने शनिवार को स्पष्ट रूप से कहा कि उपभोक्ताओं***




और छोटे व्यापारियों के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) सेवाएं नि:शुल्क बनी रहेंगी। हालांकि, शुल्क लागू होने पर व्यापारियों को मामूली 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लागू होगा।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''एमडीआर केवल एक निश्चित सीमा से ऊपर, एक सीमित संख्या में व्यापारी लेनदेन पर मामूली दर से लागू होंगे, जो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के एमडीआर की तुलना में बहुत कम होगा।''

यह बयान लोकसभा द्वारा भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन के लिए एक विधेयक पारित करने के दो दिन बाद आया है, जो सरकार को बैंकों और अन्य सेवा प्रदाताओं को यूपीआई और अन्य अधिसूचित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान तरीकों के माध्यम से भुगतान पर शुल्क लगाने की अनुमति देने के लिए अधिकृत करता है।

बयान में कहा गया कि संसद द्वारा कराधान और अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित करने के बाद एनपीसीआई की अध्यक्षता वाली 'यूपीआई और सेवा संचालन समिति' एमडीआर पर निर्णय लेगी।

इसमें कहा गया कि भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम (पीएसएस कानून) में हाल में हुए संशोधन ने एक बहस को जन्म दिया है, जिसमें कुछ लोग इसे आम उपयोगकर्ताओं पर शुल्क लगाने के कदम के रूप में गलत अर्थ दे रहे हैं। इसमें कहा गया कि वास्तव में यह संशोधन यूपीआई की दीर्घकालिक स्थिरता, तकनीकी उन्नति और उभरते जोखिमों के खिलाफ लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

बयान में कहा गया कि लेनदेन की अत्यधिक मात्रा के साथ प्रणाली को साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण व निरंतर सुधार की आवश्यकता है। बयान में आगे कहा गया कि बाजार के विस्तार और स्थिरता के लिए ऐसा करना जरूरी था।

बयान में कहा गया कि यदि बाहरी दबाव एक कारक होता, तो सरकार 2016 में यूपीआई पेश नहीं करती या जनवरी 2020 से व्यापारियों और नागरिकों दोनों के लिए इसे मुफ्त नहीं बनाती और यह सुनिश्चित नहीं करती कि यह दुनिया की सबसे बड़ी वास्तविक समय की अंतर-संचालनीय भुगतान प्रणाली बने।

इसलिए, इस संशोधन को सरकार के उस व्यापक उद्देश्य के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जो यह सुनिश्चित करता है कि भारत का डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा टिकाऊ, प्रतिस्पर्धी, अभिनव और देश की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था की सेवा करने में सक्षम बना रहे।

बयान में कहा गया कि यूपीआई भारत का अपना नवाचार है, और सरकार आने वाले दशकों तक इसकी स्थिरता सुनिश्चित करते हुए इसे नागरिकों के लिए मुफ्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकार ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे केवल वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक और एनपीसीआई की आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें और असत्यापित संदेशों को आगे न भेजें।

# आजादी के जश्न से पहले तिरंगे के रंग में सजा सदर बाजार, पीढ़ियों से झंडा बना रहा परिवार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी का सदर बाजार इन दिनों पूरी तरह तिरंगे के रंग में रंगा हुआ है। झंड़े बनाने के लिए कपड़ों के रोल दीवारों से लगे हुए हैं, सिलाई मशीनें लगातार चल रही हैं, तैयार तिरंगे देशभर में भेजे जाने के लिए पैक किए जा रहे हैं और इन सब के बीच यहां स्थित है 'भारत हैंडलूम क्लॉथ हाउस', जो झंडे बनाने वाली सबसे पुरानी दुकानों में से एक है।***

इस दुकान में ऐसा परिवार काम कर रहा है, जो पीढ़ियों से राष्ट्रीय ध्वज तैयार करता आ रहा है और इस बार 80वें स्वतंत्रता दिवस से पहले मांग के दबाव को पूरा करने में जुटा है।

जब भारत-चीन के बीच 1962 में युद्ध हुआ था उसी साल स्थापित की गई यह छोटी सी दुकान युद्ध समेत देश के कई अहम मौकों पर सरकारी अधिकारियों, घरों और संस्थानों को झंडे मुहैया कराती रही।

हालांकि, झंडे बनाने के काम से इस परिवार का नाता और भी पुराना है। यह परिवार गफ्फार के दादा और पिता के समय से झंडे बनाता आ रहा है। उनके दादा और पिता ने आज़ादी की लड़ाई के दौरान झंडे बनाए थे।

बाद में अब्दुल गफ्फार ने इस विरासत को आगे बढ़ाया और वह छह दशकों से अधिक समय तक झंडे बनाते रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के दौरान गफ्फार का जिक्र किए जाने के बाद उन्हें 'फ्लैग अंकल' के नाम से भी जाना गया।

गफ्फार का निधन 29 दिसंबर, 2025 को हो गया। उस समय वह 81 साल के थे।

आज गफ्फार के छोटे भाई अब्दुल मलिक और परिवार की तीसरी पीढ़ी इस विरासत को संभाल रही है।

मलिक बताते हैं, ''आज़ादी की लड़ाई के दौरान मेरे पिता और दादा जी झंडे बनाते थे। देश के लिए यह उनका छोटा सा योगदान था। उस समय बंगाल से खादी का कपड़ा आता था और वे यहीं झंडे तैयार करते थे। आज़ादी के बाद भी यह काम चलता रहा और 1962 में हमारे परिवार ने सदर बाज़ार में 'भारत हैंडलूम क्लॉथ हाउस' की शुरुआत की।''

मलिक ने बताया कि उनके बड़े भाई गफ्फार लगभग 15-16 साल की उम्र में पारिवारिक कारोबार से जुड़े और उन्होंने छह दशकों से ज़्यादा समय तक राष्ट्रीय ध्वज बनाने का काम किया।

उनके अनुसार, 1962 के युद्ध, आपातकाल, कारगिल संघर्ष, अन्ना आंदोलन और बाद में 'हर घर तिरंगा' अभियान जैसे मौकों पर झंडों की मांग में जबरदस्त उछाल देखने को मिला।

वह बताते हैं कि इस स्वतंत्रता दिवस से पहले भारी भीड़ देखी गई है। परिवार ने अब तक इस सीज़न के लिए लगभग 25 से 30 लाख झंडे तैयार करके बेचे हैं, और कई बड़े सरकारी ऑर्डर पहले ही भेजे जा चुके हैं।

# शहरी सहकारी बैंकों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता पर देना होगा जोर: शाह..

मुंबई, (भाषा)।

***केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शनिवार को शहरी सहकारी बैंकों से प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्राहक सेवाओं को आधुनिक बनाने का आग्रह किया।***



उन्होंने मुंबई में 'नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड' (एनयूसीएफडीसी) के नए कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि ग्राहकों की समृद्धि सुनिश्चित करने से बैंकों को वृद्धि हासिल करने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सभी शहरी सहकारी बैंकों से इस क्षेत्र के शीर्ष संगठन एनयूसीएफडीसी में एक साल के भीतर शामिल होने का भी आग्रह किया।

एनयूसीएफडीसी भारत में शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए प्रमुख संगठन और स्व-नियामक निकाय के रूप में कार्य करता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा स्वीकृत और मुंबई में मुख्यालय वाला यह निकाय सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए पूंजी, आईटी बुनियादी ढांचा और तरलता सहायता प्रदान करता है।

उन्होंने कहा, ''हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि सभी बैंक इस संगठन (एनयूसीएफडीसी) के सदस्य बनें, तकनीक लाएं, पारदर्शिता लाएं, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें, ग्राहकों को आधुनिक सेवाएं प्रदान करें और प्रतिस्पर्धा में बने रहें।''

शाह ने कहा कि देश के लगभग 1,400 शहरी सहकारी बैंकों में लगभग 690 पहले ही इस संगठन के सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बाकी यूसीबी को भी एक साल के भीतर इसका हिस्सा बन जाना चाहिए।

मंत्री ने कहा कि भारत को समृद्ध बनाने के लिए इसके लोगों के बीच समृद्धि को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल पूंजी बाजार ही इस उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा, ''हमें साथ-साथ स्वरोजगार की एक नई प्रणाली बनाने की जरूरत है। शहरी सहकारी बैंक ऐसा कर सकते हैं और यह हमारी जिम्मेदारी है।''

शाह ने कहा कि ''सहकार से समृद्धि'' के विचार का अर्थ केवल बैंकों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि ग्राहक भी समृद्ध बनें, जिससे बदले में बैंकों को बढ़ने में मदद मिलेगी।

आरबीआई की भूमिका के बारे में शाह ने कहा कि केंद्रीय बैंक और शहरी सहकारी बैंकों के बीच धारणा के अंतर को पाटने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, ''शहरी सहकारी बैंकों के प्रति रिजर्व बैंक का नजरिया अलग है, और हमारे शहरी बैंक भी आरबीआई को अलग तरह से देखते हैं। हमें इससे बाहर निकलना होगा।''

सहकारिता मंत्री के रूप में अपने पांच साल के अनुभव का हवाला देते हुए शाह ने कहा कि जब भी सहकारिता क्षेत्र आत्मविश्वास के साथ संपर्क करता है, तो आरबीआई ने हमेशा सक्रिय सहायता प्रदान की है।

# मेटा से 'डीपफेक' के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया, समीक्षा के बाद कानूनी राय लेगी सरकार: सूत्र..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्र सरकार ने वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा से 'डीपफेक पर कार्रवाई करने को कहा है और कंपनी के साथ हुई बैठकों के नतीजों की समीक्षा के बाद आगे उठाए जाने वाले कदमों को लेकर कानूनी राय ली जाएगी। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।***




सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि मूल सवाल यह है कि मेटा भारतीय कानून के तहत मध्यस्थों के लिए निर्धारित प्रावधानों का पालन कर रहा है या उनका उल्लंघन कर रहा है और सरकार इस पहलू की जांच कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार अन्य ऑनलाइन मंचों को भी बुलाएगी और यह जांच करेगी कि क्या वे भारतीय कानून के तहत 'मध्यस्थ' की परिभाषा के दायरे में आते हैं।

सूत्रों ने आगे कहा कि यह मुद्दा इस बात पर केंद्रित है कि क्या कोई ऐसा मंच जो सक्रिय रूप से यह तय करता है कि उपयोगकर्ता क्या देखें, वह सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत मध्यस्थ के दर्जे का दावा जारी रख सकता है।

यह मुद्दा इसलिए महत्व रखता है क्योंकि आईटी अधिनियम की धारा 79 कानून के प्रावधानों के पालन और उचित सावधानी की आवश्यकताओं के अधीन, मध्यस्थों को तीसरे पक्ष की सामग्री के दायित्व से सुरक्षा प्रदान करती है।

सूत्रों के अनुसार, यदि मेटा और अन्य ऑनलाइन मंच यह तय करते हैं कि उपयोगकर्ताओं को कौन-सी सामग्री दिखाई जाएगी तो यह एक तरह से 'प्रकाशन' के समान है और ऐसे में उन्हें अपने कदमों की जिम्मेदारी भी लेनी होगी।

उन्होंने कहा कि जब किसी मंच की अनुशंसा प्रणाली यह तय करती है कि किस व्यक्ति को कौन-सी सामग्री दिखाई जाए और जब वह भुगतान वाली सामग्री को बढ़ावा देती है तो उसके 'मध्यस्थ' के दर्जे को लेकर सवाल उठते हैं।

सूत्रों ने कहा कि सरकार ने मेटा को डीपफेक से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई करने को कहा है। कंपनी के साथ अब तक हुई बैठकों के परिणामों की समीक्षा के बाद यह तय करने के लिए कानूनी राय ली जाएगी कि आगे क्या कार्रवाई की जा सकती है।

केंद्र सरकार ने वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा की टीम से दो दिन की कड़ी पूछताछ के बाद शुक्रवार को तीसरे दिन तकनीकी स्तर पर विस्तृत चर्चा की, जिसमें डीपफेक, बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) और बिना लेबल वाली एआई-जनित सामग्री के संबंध में कंपनी की कार्ययोजना पर विशेष ध्यान रहा।

मेटा के साथ सरकार की यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फेसबुक पोस्ट पर अस्थायी रोक के बाद बुलाई गई थी। हालांकि मेटा ने प्रधानमंत्री की पोस्ट को एआई आधारित 'कंटेंट फिल्टर' की गलती मानते हुए बहाल कर दिया था और माफी मांगी थी।

यह मुद्दा महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि मध्यस्थों को निर्धारित शर्तों के अनुपालन के अधीन, अधिनियम के तहत कुछ कानूनी सुरक्षा प्राप्त होती है। ऐसे में, सोशल मीडिया मंचों सहित मध्यस्थों के लिए आईटी नियम, 2021 के तहत अपने मंच पर या उसके माध्यम से अपलोड, प्रकाशित, होस्ट, साझा या प्रसारित की गई तीसरे पक्ष की जानकारी के संबंध में दायित्व से छूट प्राप्त करने की शर्त के रूप में उचित सावधानी बरतना कानूनी रूप से अनिवार्य है।

इन उचित सावधानी दायित्वों का पालन करने में विफल रहने पर आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत दायित्व से छूट समाप्त हो सकती है, और ऐसे मध्यस्थ आईटी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता सहित किसी भी कानून के तहत प्रदान की गई परिणामी कार्रवाई के लिए भी उत्तरदायी हो सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार यह तय करने से पहले कि कानूनी सलाह ली जाए या नहीं, इन वार्ताओं के परिणामों की समीक्षा करेगी।

आगामी सप्ताह में एक और बैठक होने की संभावना है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि इसका उद्देश्य सेंसरशिप नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी भारतीय कानूनों का पालन करे।

सूत्रों ने पहले कहा था कि मेटा ने स्वीकार किया कि ''गंभीर मुद्दे'' थे और भरोसा दिया कि वह उन्हें हल करने के लिए निरंतर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार कंपनी पर अपनी विभिन्न चिंताओं को दूर करने के लिए निरंतर उपाय, कार्रवाई और सुधार करने का दबाव बनाती रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया फेसबुक पोस्ट को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने पर सरकार द्वारा भेजे गए समन के बाद, मेटा के वैश्विक मामलों के प्रमुख जोएल कापलन के नेतृत्व में मेटा की टीम ने बुधवार और बृहस्पतिवार को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और आईटी सचिव एस कृष्णन से मुलाकात की थी।

# लागत से नीचे दाम पर बिकवाली से सोयाबीन तेल में गिरावट..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली करने से शनिवार को सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट रही। दूसरी ओर, मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल के दाम में सुधार रहा।***



शनिवार के सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के दाम स्थिर रहे। बाजार सूत्रों के अनुसार, सोयाबीन का तेल अभी सबसे सस्ता है और इस कारण आगामी त्योहारों के लिए इसकी मांग है। लेकिन विदेशों में दाम मजबूत होने के बावजूद यहां आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर की जा रही बिकवाली से सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली।

उन्होंने कहा कि खाद्यतेल की अपनी लगभग आधी जरुरतों के लिए आयात पर निर्भर देश में फिलहाल सबसे सस्ता सोयाबीन तेल लागत से भी नीचे दाम पर बिके, यह सोचनीय है। इसे दुरुस्त करने की ओर ध्यान दिया जाना चाहिये। सूत्रों ने कहा कि बिनौले की नगण्य उपलब्धता के बीच मूंगफली तेल की मांग बढी है। इस वजह से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया। वहीं सोयाबीन की आवक घटकर आज लगभग 60 हजार बोरी रह जाने और मांग होने के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार आया।

उल्लेखनीय है कि सोयाबीन की दैनिक मांग लगभग 2.5-3 लाख बोरी की है। मामूली उपलब्धता के बीच औद्योगिक मांग बढ़ने से बिनौला तेल में भी सुधार आया। शनिवार की वजह से अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियां बंद रहती हैं और कामकाज सुस्त रहता है। सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन, पाम-पामोलीन के दाम स्थिर रहे।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे...

सरसों तिलहन - 8,300-8,350 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,350-7,925 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,680-2,980 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,775 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,730-2,830 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,730-2,880 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,725 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,575 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,100 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,800 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,900 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,400 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,300-7,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,150-7,250 रुपये प्रति क्विंटल।

# पश्चिम बंगाल के 7वें वेतन आयोग के नियमों शर्तों में केंद्र के साथ वेतन समानता शामिल..

कोलकाता, (भाषा)।

***केंद्रीय वेतन आयोग के तहत आने वाले कर्मचारियों के साथ वेतन समानता, 11 साल बाद रूपांतरित पेंशन की बहाली और वार्षिक वेतन वृद्धि को तीन से बढ़ाकर कम से कम पांच प्रतिशत करना पश्चिम बंगाल के सातवें वेतन आयोग के नियमों और शर्तोंमें शामिल हैं।***

हाल में गठित यह आयोग राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन, भत्तों और सेवा शर्तों में व्यापक संशोधन तथा करियर प्रगति, सेवानिवृत्ति और स्वास्थ्य देखभाल लाभों में बदलाव का प्रस्ताव करने पर विचार कर रहा है।

आयोग को मौजूदा वेतन ढांचे, भत्तों, पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों की समीक्षा कर उन्हें मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों तथा महंगाई के अनुरूप तर्कसंगत बनाने का दायित्व दिया गया है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावों का मकसद सेवा शर्तों के सभी प्रमुख पहलुओं को इसमें शामिल करते हुए मौजूदा व्यवस्था की विसंगतियों को दूर करना है। सातवें वेतन आयोग के कार्य-दायरे में राज्य सरकार के कर्मचारियों और केंद्रीय वेतन आयोग के दायरे में आने वाले कर्मचारियों के वेतन स्तर में समानता लाना, पूरे देश में एक जैसा स्तर हासिल करना और वेतन ढांचे में अंतर के कारण होने वाले कानूनी विवादों को कम करना शामिल है। प्रस्तावित शर्तों में औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई भत्ता तय करने की व्यवस्था शुरू करने और इसके भुगतान के लिए एक स्थायी आदेश की सिफारिश करने की भी बात कही गई है। आयोग से कहा गया है कि वह एक जनवरी, 2026 से संशोधित वेतन ढांचे को केवल कागजी तौर पर नहीं, बल्कि असल में लागू करने पर विचार करे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## लांजी क्षेत्र के लिए खुशखबरी..

# विधायक कर्राहे के प्रयास से राजेगांव-लांजी - आमगांव मार्ग होगा फोरलेन..

### चार गुना मिलेगा मुआवजा - विधायक कर्राहे..





जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी-किरनापुर क्षेत्र के लिए सड़क संपर्क के लिहाज से बड़ी खबर सामने आई है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा प्रस्तावित प्रमुख जिला मार्गों की सूची में राजेगांव-किरनापुर-लांजी- आमगांव* मार्ग को चार लेन में विकसित करने के लिए शामिल किया गया है। दस्तावेज के अनुसार इस मार्ग की लंबाई 57.40 किलोमीटर है। कुल 1146.03 किलोमीटर के सड़क विकास प्रस्ताव में क्षेत्र के इस मार्ग को चार लेन के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

### 120 फीट की जगह 80 फीट चौड़ाई रखने का प्रयास..

विधायक राजकुमार कर्राहे ने बताया कि सामान्य तौर पर चार लेन सड़क की चौड़ाई करीब 120 फीट होती है। ऐसे में सड़क निर्माण के दौरान मुख्य मार्ग से लगे व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मकानों और जमीनों पर इसका असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि राजेगांव से लांजी और आमगांव तक आने वाले प्रमुख मुख्यालयों में मार्ग की चौड़ाई करीब 80 फीट रखने का प्रयास किया जाएगा, ताकि सड़क किनारे रहने वाले लोगों और व्यापारी वर्ग को कम से कम नुकसान हो।

### व्यापारियों और जमीन मालिकों के हित का रखा जाएगा ध्यान..

विधायक ने कहा कि सड़क का चार लेन में विकास क्षेत्र के लिए जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही मुख्य सड़क से लगे व्यापारियों और आम लोगों के हितों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से मुख्यालय एवं आबादी वाले हिस्सों में सड़क की चौड़ाई को व्यावहारिक रखने का प्रयास किया जाएगा, ताकि विकास के साथ लोगों की रोजी-रोटी और संपत्तियों पर अनावश्यक असर न पड़े।

### पहले दोगुना मिलता था, अब चार गुना मुआवजे का दावा..

विधायक कर्राहे ने मुआवजे को लेकर कहा कि पहले चार लेन परियोजनाओं में प्रभावित जमीन मालिकों को उनकी जमीन के बदले दोगुना मुआवजा दिए जाने का प्रावधान रहा है। उनका कहना है कि अब मोहन सरकार एक कदम आगे बढ़ते हुए प्रभावित लोगों को चार गुना मुआवजा देगी, जिससे सड़क निर्माण के लिए जमीन देने वाले लोगों को आर्थिक परेशानी नहीं होगी।

### लांजी से महाराष्ट्र तक मजबूत होगा संपर्क..

राजेगांव-किरनापुर-लांजी-आमगांव मार्ग क्षेत्र की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इसके चार लेन में विकसित होने से लांजी-किरनापुर क्षेत्र का बालाघाट जिले के अन्य हिस्सों के साथ-साथ महाराष्ट्र के गोंदिया क्षेत्र से संपर्क और बेहतर होने की उम्मीद है। सड़क के चौड़ीकरण से आवागमन के साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है।

### विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के बाद आगे बढ़ेगा काम..

उपलब्ध दस्तावेज में इस सड़क को चार लेन के लिए प्रस्तावित किया गया है तथा व्यवहार्यता एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने का उल्लेख है। यानी परियोजना के तकनीकी, वित्तीय और भूमि संबंधी पहलुओं का विस्तृत अध्ययन होना बाकी है। इसके बाद ही निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई होगी।

# लांजी से हैदराबाद बस कनेक्शन के लिए दूरस्थ ग्रामों से नियमों को ताक में रखकर अवैध रूप से हो रहा परिवहन

### परिवहन विभाग का नहीं है ध्यान..



जगप्रेरणा लांजी।

*करीब एक से डेढ़ माह पूर्व दमोह-सालेटेकरी से लांजी मार्ग पर हुए एक गंभीर सड़क हादसे में एक किशोरी की दर्दनाक मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश की स्थिति* निर्मित हो गई थी। हादसे को लेकर ग्रामीणों ने मार्ग पर संचालित होने वाली बड़ी स्लीपर बसों की आवाजाही का विरोध किया था। ग्रामीणों की मांग और मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद के निर्देश पर परिवहन विभाग ने दमोह-सालेटेकरी से लांजी होते हुए हैदराबाद जाने वाली बड़ी स्लीपर बसों के संचालन पर रोक लगा दी थी।

माना जा रहा था कि इस कार्रवाई से हादसों पर अंकुश लगेगा और ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, लेकिन अब बस संचालन पर लगी रोक के बाद सवारियों के परिवहन का नया रास्ता निकाल लिए जाने का मामला सामने आ रहा है। आरोप है कि हैदराबाद बस संचालन से जुड़े लोगों द्वारा अब पिकअप सहित छोटे वाहनों के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीब मजदूरों को दमोह से लांजी तक पहुंचाया जा रहा है। जबकि पूर्व में बड़े बस संचालकों के प्रभाव में परिवहन विभाग की कार्यशैली को लेकर जिस तरह सवाल उठते रहे हैं, उससे अब यह देखना भी जरूरी है कि वर्तमान अधिकारी भी कहीं उसी कार्यसंस्कृति का हिस्सा तो नहीं बन रहे।

हालात यह हैं कि समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग सक्रिय तो होता है, लेकिन कार्रवाई की तस्वीर देखकर ऐसा लगता है जैसे महज दिखावे की रस्म अदायगी की जा रही हो। यदि वास्तव में नियमों का पालन कराना है तो कागजी और खानापूर्ति वाली कार्रवाई से आगे बढ़कर धरातल पर सख्ती दिखानी होगी, वरना बड़े बस संचालकों के सामने विभाग की कथित बेबसी की तस्वीर यूं ही सामने आती रहेगी।

### पिकअप में क्षमता से अधिक सवारियां, सुरक्षा ताक पर..

स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी और तस्वीरों के अनुसार छोटे वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक मजदूरों को बैठाकर ले जाने का सिलसिला जारी है। आरोप है कि कई वाहनों में ओवरसीटिंग और क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाया जा रहा है। जिन वाहनों में सीमित संख्या में यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होती है, उन्हीं में बड़ी संख्या में मजदूरों को भरकर लांजी तक ले जाने का काम किया जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस मार्ग पर एक गंभीर सड़क हादसे के बाद बड़ी बसों के संचालन पर रोक लगाई गई, उसी मार्ग पर यदि अब छोटे वाहनों में क्षमता से अधिक मजदूरों को बैठाकर परिवहन कराया जा रहा है तो क्या इससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी? बड़ी बसों पर रोक के बाद छोटे वाहनों में ओवरलोडिंग कहीं किसी नए हादसे को न्योता तो नहीं दे रही? यह सवाल अब ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### किराया नहीं लगेगा... और मजदूरों को अपने साथ ले जाने का खेल?

मामले का दूसरा पहलू छोटे मार्गों पर संचालित होने वाली स्थानीय बसों से जुड़ा है। आरोप है कि हैदराबाद जाने वाले मजदूरों को दमोह से लांजी तक किराया नहीं लगने का लालच देकर इन वाहनों में बैठाया जा रहा है। इसके चलते ऐसे मजदूर भी स्थानीय बसों का सहारा लेने के बजाय इन वाहनों में सवार हो रहे हैं, जो छोटे मार्ग की नियमित बसों से सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से लांजी तक पहुंच सकते हैं। इसका सीधा असर छोटे रूट पर बस संचालन करने वाले स्थानीय बस मालिकों और संचालकों पर पड़ रहा है। नियमित बस संचालकों को परमिट, टैक्स, फिटनेस, बीमा, चालक-परिचालक सहित तमाम खर्चों के साथ नियमों का पालन करते हुए बसों का संचालन करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर यदि यात्रियों को मुफ्त यात्रा अथवा अन्य प्रलोभन देकर छोटे वाहनों से ले जाया जाएगा तो स्थानीय बस संचालकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होना स्वाभाविक है।

### कार्रवाई के बाद भी नहीं बदली तस्वीर, सिर्फ दला वाहन..

ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी बसों पर रोक लगाने का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और सड़क पर दुर्घटनाओं की आशंका को कम करना था। लेकिन यदि अब उन्हीं यात्रियों को छोटे वाहनों में क्षमता से अधिक संख्या में भरकर ले जाया जा रहा है तो कार्रवाई का वास्तविक उद्देश्य ही सवालों के घेरे में आ जाता है। बस बंद हुई, लेकिन सवारियों का परिवहन नहीं–सिर्फ तरीका बदल गया। यही स्थिति परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब मजदूरों की मजबूरी और मुफ्त या सस्ती यात्रा के लालच का फायदा उठाकर उनकी जान जोखिम में डालना किसी भी स्थिति में उचित नहीं कहा जा सकता। यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो परिवहन विभाग को समय रहते सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को सड़क हादसे में अपने किसी सदस्य को न खोना पड़े।

# आज विश्व आदिवासी दिवस: रेला पाटा के साथ स्टेडियम में होगा मुख्य कार्यक्रम..





जगप्रेरणा लांजी।

*विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज लांजी द्वारा रविवार, 9 अगस्त को वीरांगना रानी अवंतीबाई स्टेडियम में वृहद समारोह आयोजित किया जाएगा।*

कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकजुटता की झलक देखने को मिलेगी। रेला पाटा आदिवासी नृत्य कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे गोंडवाना सामुदायिक भवन में महापुरुषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से होगी। इसके बाद सुबह 10:30 बजे यहां से भव्य रैली निकाली जाएगी। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सुबह 11 बजे सुभाष चौक बस स्टैंड पहुंचेगी। यहां रेला पाटा आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति के साथ समाज की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा। रैली के माध्यम से शांति, सद्भावना, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा।

### दोपहर 12 बजे से मंचीय कार्यक्रम..

रैली के बाद दोपहर 12 बजे से वीरांगना रानी अवंतीबाई स्टेडियम में मंचीय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें समाज के विभिन्न वक्ता आदिवासी समाज की संस्कृति, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता और अधिकारों सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता से.नि. सहायक संचालक व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आदिवासी समाज लांजी के तिरु. गिरधारी नाईक की प्रमुख उपस्थिति में होगी।

### राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम सौंपेंगे ज्ञापन..

समारोह के समापन के बाद आदिवासी समाज की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति एवं मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन गोंड समाज, माना समाज, गोवारी समाज, बिंझवार समाज, हलबा समाज, बैगा समाज, नगारची समाज, धुलिया समाज, परधान समाज, सोनझरिया समाज, कंडरा समाज, ओझा समाज सहित समस्त आदिवासी समाज लांजीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

### पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होने की अपील..

आदिवासी समाज लांजी के अध्यक्ष दीनू उइके, सचिव टुमनलाल घोरमारे एवं समाज के प्रतिनिधियों ने समाजजनों से अपील की है कि वे अपने सभी आवश्यक कार्यों को छोड़कर पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम में शामिल हों। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### 1994 से मनाया जा रहा विश्व आदिवासी दिवस..

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को **International Day of the WorldÓs Indigenous Peoples** मनाने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य विश्वभर के आदिवासी समुदायों के अधिकारों, संस्कृति, पहचान तथा सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समुदायों की संस्कृति, परंपरा, पहचान और अधिकारों के संरक्षण तथा सामाजिक एकजुटता का महत्वपूर्ण अवसर बन चुका है।

## नाम सुधार सूचना..

मैं राजेश कुमार रणदिवे पिता स्व.श्री व्यंकटराव रणदिवे वार्ड क्रमांक 12 आमगांव रोड़ लांजी, तहसील लांजी जिला बालाघाट का निवासी हूं।

यह कि मेरे शालेय दस्तावेजो एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम राजेश कुमार रणदिवे पिता व्यंकटराव रणदिवे दर्ज है। पेनकार्ड एवं पासपोर्ट में मेरा नाम भूलवश राजेश रणदिवे पिता व्यंकटराव रणदिवे दर्ज हो गया है, जिसे सुधार कर राजेश कुमार रणदिवे पिता व्यंकटराव रणदिवे किया जाए।

निवेदक
राजेश कुमार रणदिवे
वार्ड क्रमांक 12 आमगांव रोड़ लांजी।
तहसील लांजी जिला बालाघाट।




# किरनापुर में टीवीएस मोटरसाइकिल के नए शोरूम का भव्य शुभारंभ..



जगप्रेरणा किरनापुर।

*किरनापुर क्षेत्र वासियों और दोपहिया वाहन प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। किरनापुर के मुख्य व्यवसायी श्री श्याम इंटरप्राइजेस*

गुजरी चौक में टीवीएस (TVS) मोटरसाइकिल के नए शोरूम 'का भव्य शुभारंभ हुआ है।

गुजरी चौक में इस नए शोरूम के खुलने से अब स्थानीय नागरिकों को टीवीएस की बेहतरीन और आधुनिक मोटरसाइकिलों व स्कूटर्स की खरीद के लिए दूर-दराज के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। शोरूम में ग्राहकों की सुविधा के लिए टीवीएस ब्रांड की सभी नई व लोकप्रिय बाइक्स (जैसे **Apache, Rider, XL 100, Jupiter** आदि) प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

### उत्कृष्ट सेवा और आसान फाइनेंस की सुविधा:

शोरूम प्रबंधन के अनुसार, ग्राहकों को गाड़ियों की बिक्री के साथ-साथ आसान किस्तों (फाइनेंस सुविधा), त्वरित कागजी प्रक्रिया और बेहतर आफ्टर-सेल्स सर्विस की सुविधा भी एक ही छत के नीचे प्रदान की जाएगी।

शुभ शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व स्थानीय निवासियों ने पहुंचकर शोरूम संचालक को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गुजरी चौक जैसे प्रमुख स्थान पर शोरूम खुलने से क्षेत्र के व्यापारिक हलचल में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

# मिशन शक्ति अभियान: भिमोडी, घोटी के कार्यशाला में बताए अधिकार और कर्तव्य



जगप्रेरणा लांजी।

*महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत कलेक्टर श्री कुमार सत्यम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी*

महिला एवं बाल विकास विभाग देवेन्द्र कुमार सुन्दर्याल के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विकासखंड लांजी के सरस्वती शिशु मंदिर घोटी (नंदोरा) एवं विरागंना रानी अवंतीबाई शिशु मंदिर भिमोडी में जगरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति आम जन को जागरूक किया गया। विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों, बाल अधिकारों, बाल संरक्षण सेवाओं, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), महिला हेल्पलाइन (181), वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा से संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के संबंध में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक किया गया।

इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर घोटी (नंदोरा) में श्रीमती अनिता चौधरी प्रधानाचार्य, धीरज वाहने, श्रीचंद कामड़े सरपंच, सुश्री हाफिजा मिर्जा, कृष्ण झगराहे, सुखचंद पांचे, संगीता ढोक स्नेहा सिल्हारे, रोशनी सोनवाने, कविता मातरे, शालिनी सोनवाने, रूपवती झगराहे, नीलू सोंनवाने, सुनीता कौशल सहित अन्य महिला एवं बालिकाएं मौजूद थी। इसी तरह विरागंना रानी अवंतीबाई शिशु मंदिर भिमोडी में प्रेमेश्वरी अस्तने, अम्बिका मुरकुटे, कुंदन बड़घैया, प्रतिमा नागदेवे, अशोक कुमार अस्तने, रामेश्वर धारणे, भागरता धारणे, मनिषा घोरमारे, चुनेश कुमार कटरे, धीरज वाहने, सुश्री हाफिजा मिर्जा सहित महिलाएं एवं बालिकाएं मौजूद रही।

# शिक्षित, समृद्ध, विकसित ग्राम की कल्पना के साथ मोहरा में अखंड रामायण पाठ संपन्न

### समाज व राष्ट्र निर्माण में हो सबकी जिम्मेदारी..







जगप्रेरणा लांजी।

*ग्राम मोहारा स्थित पुराने राम मंदिर परिसर में अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन 7 से 8 अगस्त तक किया गया।*

अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ समिति, अभिनंदन लाइफ फाउंडेशन, ग्राम समितियों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक आयोजन के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशामुक्ति और प्लास्टिक मुक्त अभियान का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व, बच्चों की प्रतिभा विकास और संस्कारों के प्रति जागरूक किया गया। 25 पौधों का पौधारोपण, गौ पूजन, हवन-यज्ञ और कन्या पूजन भी हुआ। महिला मंडल ने हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम के माध्यम से संस्कार और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। स्वास्थ्य शिविर में 156 लोगों की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। वहीं देवजी नेत्रालय के सहयोग से 98 लोगों की नेत्र जांच की गई, जिसमें 20 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर उपलब्ध कराने के लिए भी चिन्हांकन किया जा रहा है। अब तक क्षेत्र में 5 दिव्यांगजन चिन्हित किए जा चुके हैं।

मानस पाठ की विश्रांति के बाद बच्चों ने सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। ग्रामीणों ने श्रीरामचरितमानस के आदर्शों को जीवन में अपनाने और मानव सेवा में सहभागी बनने का संकल्प लिया। आयोजन में राम मंदिर समिति, ग्राम समिति, वरिष्ठजन, युवा, महिला मंडल और ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### बोरगांव में अखंड पाठ का शुभारंभ..

ग्राम बोरगांव में 8 अगस्त से अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। 9 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच, प्लास्टिक मुक्त अभियान और महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर
● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मेघमारना टोटका: आस्था, परंपरा और जल चेतना का संगम..

### विश्व आदिवासी दिवस विशेष: बारिश रूठे तो गांव में गूंजते हैं लोकगीत, मेंढक विवाह से मेघराजा को मनाने की परंपरा..





जगप्रेरणा मंडला।

***सावन का महीना: खेतों में खरीफकी फसल और आसमान में बारिश का इंतजार। जब बादल रूठ जाते हैं और बारिश की कमी से खेत सूखने लगते हैं, तब मंडला, डिंडोरी, बालाघाट सहित***

छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में सदियों पुरानी एक लोक परंपरा जीवंत हो उठती है। इसे स्थानीय स्तर पर 'मेघमारना टोटका' कहा जाता है। यह परंपरा आदिवासी समाज की प्रकृति के प्रति आस्था, सामुदायिक एकता और बारिश की कामना से जुड़ी लोक संस्कृति का अनूठा उदाहरण है।

### सूखे की चिंता से जन्मी परंपरा

आदिवासी समाज का जीवन जल, जंगल और जमीन से गहराई से जुड़ा है। खेती के लिए बारिश पर निर्भरता अधिक होने के कारण जब सावन में पर्याप्त वर्षा नहीं होती, तो गांवों में सामूहिक रूप से बारिश के लिए प्रार्थना की जाती है। इसी क्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में मेघमारना टोटका करने की परंपरा है।

### मेंढक विवाह से मेघराजा को मनाने की कोशिश..

इस परंपरा का सबसे चर्चित रूप मेंढक विवाह है। ग्रामीण दो मेंढकों को पकड़कर उन्हें दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजाते हैं। इसके बाद ढोल-मांदल और लोकगीतों के साथ प्रतीकात्मक बारात निकाली जाती है। महिलाएं और बच्चे बारिश की कामना करते हुए पारंपरिक गीत गाते हैं। 'मेघ रानी पानी दो, धान-कोदो पाकन दो' जैसे लोकगीतों के जरिए मेघराजा से अच्छी बारिश की गुहार लगाई जाती है। कई जगह ग्रामीण घरों से पानी लाकर इस आयोजन में शामिल होते हैं।

### कहीं आधी रात स्नान, कहीं लोकनाट्य..

मेघमारना की परंपरा हर क्षेत्र में अलग-अलग रूप में देखने को मिलती है। कुछ गांवों में महिलाएं आधी रात सामूहिक स्नान कर बारिश की कामना करती हैं। कहीं गांव की सीमा पर बादलों को संबोधित करते हुए लोकगीत गाए जाते हैं। कुछ क्षेत्रों में महिलाएं प्रतीकात्मक रूप से पुलिस की भूमिका निभाते हुए दूसरे गांवों में पहुंचती हैं और हास्य-व्यंग्य के माध्यम से ÷पानी छिपाने÷ का आरोप लगाते हुए लोकनाट्य प्रस्तुत करती हैं। इसके बाद नदी या जलस्रोत के किनारे सामूहिक पूजा, प्रसाद और वर्षा की प्रार्थना की जाती है।

### औढ़ारी क्षेत्र में दिखी लोक परंपरा की झलक..

शुक्र वार को मोहगांव विकासखंड के औढ़ारी क्षेत्र के कई गांवों में मेघमारना टोटका किया गया।* ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से आयोजन कर बारिश की कामना की। ग्रामीणों के अनुसार शाम तक क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई। इससे किसानों को राहत मिली और लोक आस्था से जुड़ा विश्वास और मजबूत हुआ।

### विज्ञान कहता है– बारिश मौसम पर निर्भर..

वैज्ञानिक दृष्टि से वर्षा का संबंध वायुमंडलीय नमी, तापमान, वायुदाब और मौसम संबंधी परिस्थितियों से होता है। मेघमारना टोटके का प्रत्यक्ष वैज्ञानिक संबंध बारिश होने से प्रमाणित नहीं है। हालांकि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से यह परंपरा ग्रामीणों को एकजुट करने, प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने और कठिन समय में सामूहिक आशा बनाए रखने का काम करती है।

### अब जल संरक्षण ही असली मेघमारना..

बदलते समय में इस लोक परंपरा के साथ जल संरक्षण का संदेश जोड़ना भी जरूरी है। वृक्षारोपण, खेत-तालाब, चेकडैम, मेंढ़ बंधान, तालाबों का गहरीकरण और वर्षा जल संचयन जैसे प्रयास बारिश के पानी को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### परंपरा के साथ प्रकृति संरक्षण का संकल्प..

विश्व आदिवासी दिवस पर मेघमारना टोटका केवल एक लोक परंपरा नहीं, बल्कि यह याद दिलाता है कि आदिवासी संस्कृति में प्रकृति और जीवन का संबंध कितना गहरा है। जरूरत है कि ऐसी परंपराओं को संरक्षित करते हुए इनके साथ जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संदेश भी आगे बढ़ाया जाए। परंपरा बचाएं, प्रकृति बचाएं। प्रकृति बचेगी तो जल बचेगा और जल बचेगा तो जीवन बचेगा।

# कस्तूरबा आश्रम और स्कूलों में पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### स्वास्थ्य जांच बढ़ाने के निर्देश, शाला त्यागी बच्चों को दोबारा स्कूल लाने घर-घर जाने कहा..





जगप्रेरणा मंडला।

***मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत मोहगांव भ्रमण पर पहुंचे कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने शुक्रवार को ग्राम उमरडीह में कस्तूरबा आदिवासी***

कन्या आश्रम सहित हाई स्कूल और मिडिल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं और विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षा व्यवस्था, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित स्कूलों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### आश्रम में स्वास्थ्य जांच नहीं होने पर जताई नाराजगी..

कस्तूरबा आदिवासी कन्या आश्रम में कलेक्टर ने छात्राओं की उपस्थिति, आवास, भोजन और स्वास्थ्य जांच की स्थिति जानी। इस शैक्षणिक सत्र में अब तक छात्राओं की स्वास्थ्य जांच और उपचार नहीं होने की जानकारी सामने आने पर उन्होंने स्वास्थ्य जांच का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्डन से कहा कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर सभी छात्राओं की नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं और जरूरत के अनुसार उपचार भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन और नाश्ते के मेनू की जानकारी लेकर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### 32 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या पर घर-घर संपर्क के निर्देश..

हाई स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूल की कुल दर्ज संख्या की जानकारी ली। यहां 32 विद्यार्थी दर्ज मिले। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिए कि शाला त्यागी बच्चों की पहचान के लिए घर-घर संपर्क करें और उन्हें दोबारा स्कूल से जोड़ने का प्रयास करें, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और स्कूल की दर्ज संख्या में भी वृद्धि हो।

### टेस्ट के परिणाम नहीं बता पाए विद्यार्थी..

कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने पिछले माह हुई मासिक परीक्षा के परिणामों के बारे में पूछा। कोई भी विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम की जानकारी नहीं दे सका। इस पर कलेक्टर ने प्राचार्य को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश देते हुए कहा कि नियमित रूप से टेस्ट लिए जाएं और उनके परिणामों की जानकारी विद्यार्थियों के साथ-साथ पालकों को भी दी जाए। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक स्तर पर लगातार निगरानी रखने को कहा।

### बच्चों से पूछा- बड़े होकर क्या बनना चाहते हो?

मिडिल स्कूल में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से आत्मीय बातचीत की। उन्होंने बच्चों से मध्याह्न भोजन, पढ़ाई और खेल-कूद की जानकारी ली। बातचीत के दौरान उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। विद्यार्थियों ने अपने सपने साझा किए। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मेहनत और लगन से वे अपने लक्ष्य को जरूर हासिल कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान ग्राम सरपंच, सहायक कलेक्टर शैलेंद्र चौधरी, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम घुघरी सचिन जैन सहित शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर शराब दुकानें बंद रखने की मांग, GGP ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन..

### अवैध शराब के खिलाफविशेष अभियान और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की मांग..


गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, मध्यप्रदेश
प्रदेश कार्यालय-ए 1/49, 1100 क्वार्टर बिट्टन मार्केट, भोपाल (म.प्र.)
प्रदेश अध्यक्ष
गोंगपा मध्यप्रदेश भोपाल
मो.नं.-6265062120
जिलाध्यक्ष
गोंगपा जिला मण्डला
मो.नं.-6267442431
क्रमांक/GGP/750//152
प्रति,
कलेक्टर महोदय,
जिला मंडला (म.प्र.)
विषय: विश्व आदिवासी दिवस (9 अगस्त) के अवसर पर जिले की समस्त वैध एवं अवैध शराब दुकानों को बंद रखने एवं आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाई किए जाने बाबत।

जगप्रेरणा मंडला।

***विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को जिले की सभी वैध शराब दुकानों को बंद रखने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (GGP) ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष प्रभात मरावी के***

नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन और भंडारण के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समाज के लिए गौरव, संस्कृति, परंपरा और अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण दिवस है।

इस मौके पर जिलेभर में रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक सम्मेलन और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा, छात्र-छात्राएं और सामाजिक संगठनों के लोग शामिल होते हैं।

### नशे से बिगड़ सकता है आयोजन का माहौल..

ज्ञापन में कहा गया कि शराब के नशे में कुछ असामाजिक तत्व सार्वजनिक स्थानों पर विवाद, मारपीट और यातायात नियमों का उल्लंघन कर सकते हैं। इससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने के साथ ही विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रमों का माहौल भी खराब हो सकता है। शराब के नशे में वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है।

### अतिरिक्त पुलिस बल की भी मांग..

जीजीपी ने प्रशासन से 9 अगस्त को जिले की सभी वैध शराब दुकानों को एक दिन के लिए बंद रखने का आदेश जारी करने की मांग की। साथ ही अवैध शराब के खिलाफविशेष अभियान चलाने और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की मांग की गई है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि विश्व आदिवासी दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति और अधिकारों का प्रतीक है। इसलिए दिवस के सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने पुलिस ग्राउंड का किया निरीक्षण..

### पार्किंग, वीआईपी सिटिंग, बैरिकेडिंग और मंच व्यवस्था समय पर पूरी करने के निर्देश..



जगप्रेरणा मंडला।

***स्वतंत्रता दिवस 2026 के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे और एसपी श्री राजेश रघुवंशी***

ने शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने समारोह स्थल पर की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने पार्किंग, वीआईपी सिटिंग, बैरिकेडिंग, बैठक व्यवस्था, मंच सहित समारोह स्थल की अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी कर ली जाएं, ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा की स्थिति निर्मित न हो।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी जोर..

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न प्रस्तुतियों की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने, प्रस्तुतियों के लिए समय निर्धारित करने तथा सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय और व्यवस्थित तरीके से आयोजित हो, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें। समारोह से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, एडीएम श्री हुनेन्द्र घोरमारे, सहायक कलेक्टर श्री शैलेन्द्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नर्मदा किनारे अवैध शराब बनाने के अड्डे पर आबकारी की दबिश, 450 किलो महुआ लाहन नष्ट

### 10 लीटर कच्ची शराब भी जब्त, अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज..





जगप्रेरणा मंडला।

***अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के खिलाफआबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए ग्राम गौंझी में नर्मदा नदी के किनारे संचालित अवैध शराब निर्माण के अड्डे पर दबिश दी।***

कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में महुआ लाहन और हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची शराब बरामद की गई। कलेक्टर मंडला श्री राहुल नामदेव धोटे एवं जिला आबकारी अधिकारी मंडला (प्र.) सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली सैयाम के मार्गदर्शन में आबकारी बल ने मंडला वृत्त क्षेत्र में यह कार्रवाई की।

दबिश के दौरान अवैध अड्डे से करीब 45 डिब्बों में महुआ लाहन बरामद हुआ। प्रत्येक डिब्बे में लगभग 10 किलोग्राम महुआ लाहन भरा था। इस तरह कुल करीब 450 किलोग्राम महुआ लाहन मौके से जब्त किया गया। इसके अलावा 10 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची शराब भी बरामद कर जब्त की गई।

आबकारी टीम ने बरामद करीब 450 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। जब्त महुआ लाहन एवं मदिरा की कुल अनुमानित कीमत करीब 46 हजार 500 रुपए बताई गई है। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

# हर बच्चे को सुपोषण से जोड़ना हमारी जिम्मेदारी: कलेक्टर धोटे

### मोहगांव रैयत की आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण, बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर दिए आवश्यक निर्देश..




जगप्रेरणा मोहगांव।

***शुक्रवार को मोहगांव भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने मोहगांव रैयत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी***

में दर्ज बच्चों की स्थिति, उनकी उपस्थिति और पोषण व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी में दर्ज प्रत्येक बच्चे की जिम्मेदारी हमारी है। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें सुपोषण से जोड़ने के लिए बेहतर ढंग से कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या एवं उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, बच्चों के वजन, टीकाकरण सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी गतिविधियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास और पोषण का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आने वाले प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण पोषण और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री शैलेंद्र चौधरी, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहन्ती, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री विनोद परस्ते, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री रोहित बड़कुल, एसडीएम घुघरी श्री सचिन जैन सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

11 रविवार 09 अगस्त 2026
जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा (आमगांव) में 'नशा मुक्त भारत' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन..





जगप्रेरणा आमगांव।

*भारत सरकार द्वारा संचालित 'नशा मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत आज श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा (आमगांव) में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय,*

आमगांव के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। यह अभियान देशभर में युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदा एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से स्मिता दीदी, वैशाली दीदी, जयश्री दीदी एवं धानेश्वर तावड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान स्मिता दीदी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया कि वे स्वयं कभी किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अपने परिवार, समाज तथा देश को 'नशा मुक्त भारत' बनाने में सक्रिय योगदान देंगे।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती स्मृति छूपरिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विधायक संजय पुराम के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिवीर को प्रचंड प्रतिसाद







### नेत्र चिकित्सा एंव स्वास्थ्य शिबीर मे 700 से अधिक महिला पुरुषो ने लिया लाभ..

### चिरचाळबांध को स्वास्थ्य उपकेंद्र की भेट.

### चिरचांळबांध क्षेत्र के मार्ग हेतु 12.50 करोड की भेट..

जगप्रेरणा गणेश भदाडे/राकेश रोकडे
आमगांव/ सालेकसा।

*विधायक संजय पुराम के 54 वे जन्मदिवस के अवसर पर हरिहरभाई पटेल हायस्कूल एंव कनिष्ठ महाविद्यालय मे भव्य स्वास्थ्य शिबीर का आयोजन 6 अगस्त को किया गया था इस स्वास्थ्य*

शिबीर मे नेत्र जांच के साथ स्वास्थ्य शिवीर मे शालिनीताई मेघे अस्तपाल के तज्ञ डॉक्टर से स्वास्थ्य जांच के साथ नेत्र जांच कराई इस स्वास्थ्य शिवीर एवं नेत्र जांच शिवीर को प्रचंड प्रतिसाद मिला एंव 700 से भी अधिक महिला पुरुषो ने स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कराई।

विधायक संजय पुराम का जन्मदिवस के अवसर पर ही चिरचांळबांध को स्वास्थ्य उपकेंद्र की सौगत मिली जिससे इस क्षेत्र के नागरिक को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी इसके साथ चिरचांळबांध क्षेत्र के मार्ग विकास हेतु मुख्यमंत्री सडक योजना के तहत 12:50 करोड रुपये निधी स्वीकृत होने की घोषणा भी विधायक संजय पुराम ने की स्वास्थ्य शिबीर नेत्र जांच शिबीर एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन पुर्व विधानपरिषद सदस्य एवं कृषी उत्पन्न बाजार समिती सभापती केशवराव मानकर ने किया इस अवसर पर विधायक संजय पुराम जिला परिषद अध्यक्ष लयाकराम भेडांरकर उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे सुरेंद्र नायडू, सभापती पंस आमगाव पुंड, उपसभापती सुनंदा उके एवं पदाधिकारी उपस्थित थे

### आमगाव-देवरी विधानसभा क्षेत्र के मुख्यमंत्री सडक योजना का सबसे ज्यादा निधी चिरचांळबांध क्षेत्र को-संजय पुराम..

मुझे पता है की चिरचांळबांध क्षेत्र के मार्ग की हालत बत्तर है एवं मार्ग की बत्तर हालतो से नागरिक परेशान है इसके वजह इस क्षेत्र के मार्ग की विकास हेतु मुख्यमंत्री सडक योजना का आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र का मुख्यमंत्री सडक योजना का मंजुर 25 करोड निधी मे से आधा 12:50 करोड निधी सिर्फ चिरचांळबांध को दिया गया है एवं दिवाली के बाद इसका काम शुरू होगा इसकी घोषणा मै अपने जन्मदिवस पर कर रहा हु।

### विधायक संजय पुराम का जन्मदिवस पर सेवा कार्य की परंपरा-सविता पुराम..

मेरे पती विधायक संजय पुराम का जन्मदिवस हर साल सेवा कार्य किये जाते है इसके तहत स्वास्थ्य शिबीर एवं नेत्र जांच शिबीर आयोजित किया गया जिसमे 700 अधिक महिला पुरुषो ने स्वास्थ्य जांच एंव नेत्र जांच कराई है एंव जिन्हे स्वास्थ्य संबंधित समस्या है या आंखो के आगे की चिकित्सा हेतु 12अगस्त को शालीनीताई मेघे अस्तपाल की गाडी से शालीनीताई मेघे अस्तपाल उपचार हेतु ले जाया जायेगा।

# मतदाता नेता में निष्पाप भावना तलाशता है - विधायक अविनाश ब्राह्मणकर..

### कृषि उपज मंडी समिति देवरी में सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न

### विधायक संजय पुराम ने मंडी समिति के लिए भूमि का प्रयास करने का दिया आश्वासन



जगप्रेरणा देवरी।

*जिस प्रकार ईश्वर हमारे मन की भावना को देखता है, ठीक उसी प्रकार ईश्वर रूपी मतदाता भी अपने नेताओं में निष्पाप भावना तलाशता है। नेताओं के मन में गरीबों और युवाओं के प्रति कितनी संवेदनाएं हैं,*

यह सबसे महत्वपूर्ण होता है। देवरी आने पर ज्ञात हुआ कि विधायक संजय पुराम और जिला परिषद सदस्य सविता पुराम इस कार्य में अत्यंत अग्रणी हैं। यह उद्गार नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य (विधायक) अविनाश ब्राह्मणकर ने व्यक्त किए। वे 7 अगस्त को कृषि उपज मंडी समिति, देवरी द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संजय पुराम ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा आदिवासी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवराम होली, संगठन मंत्री वीरेंद्र अंजनकर, जिला परिषद सदस्य सविता पुराम, रचना गहाणे, कृषि उपज मंडी समिति के सभापति प्रमोद संगीडवार, उपसभापति विजय कश्यप, पंचायत समिति सभापति अनिल बिसेन, नगर अध्यक्ष संजू उईके सहित कृषि उपज मंडी समिति देवरी के सभी निदेशक मंच पर उपस्थित थे। आगे बोलते हुए ब्राह्मणकर ने कहा कि विधायक बनने से ज्यादा खुशी शपथ लेते समय हुई, क्योंकि शपथ लेते वक्त सबसे पहले माता-पिता का नाम लेने का सौभाग्य मिला और यह अवसर देने वाली पार्टी भाजपा है।

अपने अध्यक्षीय भाषण में विधायक संजय पुराम ने देवरी की कृषि उपज मंडी समिति के विकास और उसे अपनी खुद की भूमि उपलब्ध कराने के लिए सरकार के स्तर पर हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन मंत्री वीरेंद्र अंजनकर ने अपने संबोधन में सम्मानित अतिथि विधायक अविनाश ब्राह्मणकर, विधायक संजय पुराम और सविता पुराम के कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी समिति के सभापति प्रमोद संगीडवार एवं उपसभापति विजय कश्यप के हाथों सभी सम्मानित अतिथियों का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीना स्वागत किया गया। समारोह का सफल संचालन यादव पंचमवार ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वृक्षारोपण कर समारोह का समापन किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए कृषि उपज मंडी समिति के सचिव लोकेश सोनूने एवं समस्त कर्मचारियों ने अथक प्रयास किए।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

# आमगांव मे कांग्रेस का आमरण अनशन स्थगित




जगप्रेरणा आमगांव।

*पिछले करीब 11 वर्षो से महाराष्ट्र शासन के स्तर पर लंबित होने को लेकर आमगांव तालुका कांग्रेस कमेटी एवं क्षेत्र के आठ गांवो*

के नागरिकों ने सरकार से तत्काल निर्णय लेने की मांग को लेकर 9 अगस्त 2026 से तहसील कार्यालय के सामने तालुका कांग्रेस पार्टी एवं 8 ग्राम के साथ आमरण अनशन प्रारंभ होने वाला था। किन्तु जिलाधिकारी गोंदिया ने दि, 7 से 21 अगस्त तक संपूर्ण जिले मे निषेध लागु किये जाने से तहसीलदार आमगांव ने आमरण अनशन की परमिशन नही दिया। वास्ते 9 अगस्त से प्रारंभ होने वाला आमरण अनशन कांग्रेस पार्टी की और स्थगित किया गया। उक्त जानकारी तालुका कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय बहेकार, ने आयोजित पत्रकार परिषद मे दी। कांग्रेस कमेटी की और से मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को दिये गये ज्ञापन मे बताया की महाराष्ट्र सरकार ने दि, 21 अगस्त तक नगर परिषद के संबंध मे निर्णय नही लिया गया तो कांग्रेस फिर से आंदोलन की शुरुवात की जायेगी।

पत्रकार परिषद मे गोंदिया जिला कांग्रेस के महासचिव- रामसिंह चौहान, गोंदिया जिला काँग्रेस के सचिव - इसुलाल भालेकर, नगर कांग्रेस के अध्यक्ष- देवकांत बहेकार, जिला परिवहन कांग्रेस के अध्यक्ष- बाबा मिश्रा, आदि कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जी. के. स्कूल ऑफ़ नर्सिंग, कावराबांध में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित..




जगप्रेरणा सालेकसा।

जी.के. स्कूल ऑफ़ नर्सिंग, कावराबांध में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर महिलाओं में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा स्थानीय कावराबांध एवं प्राथमिक आरोग्य केंद्र, कवराबांध में जनजागरण रैली तथा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से माताओं एवं आम नागरिकों को शिशु के लिए जन्म के तुरंत बाद स्तनपान प्रारंभ करने, छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा स्तनपान के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु के समुचित विकास के लिए स्तनपान के महत्व से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विभाग प्रमुख पूजा आर. येसनसूरे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कु. नेहा लांजेवर, कु. मेघा ठाकरे, कु. ज्योति कुराहे, आनंद बोपचे तथा फार्मेसी विभाग के कुमारी सुनैना बरेकार, कुमारी तृप्ति चौहान, तमन्ना थेरकर, अन्य कर्मचारियों एवं छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों से स्तनपान को बढ़ावा देने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### मेरी मोटरसायकल का नुकसान भर दे बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामिण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/8/2026 के 5 बजे के दरम्यान पांढराबोडी मे फर्यादी विजय ढोमणे उम्र 40 वर्ष निवासी पांढराबोडी गाव मे अपने बैलबंडी लेकर जा रहा था। रास्ते मे मोडपर बैलबंडी मोडते समय मोटर सायकल को धक्का लगने से मोटरसायकल का हेडलाईट फुटा गाड़ी वाले ने कहा पहले नुकसान जो हुवा बना कर दे, फर्यादी ने कहा बैलबंडी घर छोड़कर आता हु फिर बना देता हु तो आरोपी ने इट से सरपर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 456/2026 धारा 118,2,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा भुते 1516 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### लापरवाही से ट्रक चलाकर सरकार का किया लाखो का नुकसान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत आर्थिक नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/ 8/ 2026 के 2 बजे के दरम्यान साखरीटोला मे आरोपी ट्रक चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर आमगाव देवरी राष्ट्रीय महामार्ग एन एच 543 के डिवाईडर पर गाडी चढाई जिसमे स्ट्रेट लाईट के तिन पोल किमत 75 हजार रूपये, सीसीटीव्ही कॅमरा किमत 48,300 सौ रुपये, रेलिंग 12 नग किमत 84 हजार रुपये, स्ट्रेट लाईट बडे बल्फ 6 नग किमत 48,900 सौ रुपये, रिपेरिंग मजदूरी व खर्च 45 हजार रुपये, कुल 3 लाख 1 हजार 2 सौ रुपये का नुकसान करने से वाहन चालक के खिलाफ पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 379/2026 धारा 281 भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना राऊत 1910 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### तलाव मे डुबने से रेखाबाई की हुई मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/8/2026 के शाम 5 बजे हलबीटोला मे फर्यादी भागवत दानीराम हिरवानी उम्र 52 वर्ष निवासी हल्बीटोला की बहु रेखाबाई चोवाराम गुरुपंच उम्र 25 वर्ष निवासी हलबीटोला की गाव के तलाव के पानी मे डुबकर मौत हुई है। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे सालेकसा मे अकस्मात मौत क्रमांक 30/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा संदीप खडसे 385 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

# नाली का कचरा, महामार्ग पर बदबू आये दिन हो रही दुर्घटना, कब खुलेगी नगरपरिषद की नींद..

जगप्रेरणा आमगांव।

*ऐन बारिश के मौसम मे नगरपरिषद आमगाव की शहर की सफाई को लेकर पोल पुरी तरह से खुल गई है नगरपरिषद प्रशासन की ओर से मानसुन पुर्व तैयारी के नाम पर कोई भी ठोस कुछ भी नही किया गया था जिसके चलते पहली बारिश मे आमगांव नगरपरिषद के तहत अनेक कॉलीनी मे पुरा पानी भर*

गया था कुछ ऐसी ही स्थिती नारायण नगर की भी हो गई थी बारिश मे जब नारायण नगर मे पानी भरा तो आनन फानन मे नगरपरिषद प्रशासन की ओर से आमगांव-गोंदिया मार्ग को लगकर मार्ग का पानी जाने हेतु बनाई गई नाली को कुछ जगह पर तोड दिया गया।

तोड़ने के बाद पानी की निकासी अच्छी तरह नाली से हो जाये इस हेतु नाली की सफाई की गई किंतु नाली की सफाई करते समय नाली की पुरी गंदगी महामार्ग पर फैलावर छोड दी गई जिससे महामार्ग पर नारायणनगर से लेकर सिध्दार्थ नगर के बीच नाली की गंदगी से किचड फैल गया है जिससे वाहनचालक आये दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है एंव आये दिन दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है।

साथ ही बदबु के चलते महामार्ग पर चलना दुश्वार हो चुका है नगरपरिषद प्रशासन को नाली की गंदगी महामार्ग से दुसरे दिन ही हटा लेने की आवश्यकता थी किंतु महामार्ग पर गंदगी फैलाकर नगरपरिषद प्रशासन मानो भुल ही गया है नगरपरिषद प्रशासन गंदगी को मार्ग पर फैलाकर गहरी निंद मे है जिससे वाहनचालक को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है इस समस्या की ओर ध्यान देकर जल्द से जल्द नाली की गंदगी महामार्ग से हटाने की मांग नागरिक ने की है एवं नागरिक सवाल उठा रहे की क्या नगरपरिषद किसी बडी दुर्घटना का इंतजार कर रही है

# आमगांव मे मंडल यात्रा का जोरदार स्वागत







जगप्रेरणा आमगांव।

ओबीसी की जातीगत जनगणना के लिये विदर्भ 11 जिले मे मंडल यात्रा निकाली गई 3 अगस्त से भंडारा से शुरू हुई इस मंडल यात्रा का समारोप 9 अगस्त क्रांती दिवस पर प्रियदर्शनी सभागुह चंद्रपूर मे भव्य सभा से होगा यह मंडल यात्रा भंडारा, मौदा, नागपुर वर्धा, देवळी कंळब, यवतमाळ, दारव्हा मंगरुळपीर, वाशीम, मेहकर, चिखली, बुलडाणा, खामगांव, शेगांव, अकोला, दर्यापुर अमरावती, कटोल, रामटेक तुमसर, तिरोडा, गोंदिया, गोरेगाव होते हुये आज आमगाव पहुंची।

इस मंडल यात्रा का भव्य स्वागत आमगांव के मुख्य चौक डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर चौक मे किया गया। डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर को प्रतिमा को माल्यार्पण कर जय ओबीसी, ओबीसी की जातीगत जनगणना होनी चाहिए जो ओबीसी की बात करेगा वही इस देश में राज करेगा ऐसे नारे दिये गये इस अवसर पर अखिल भारतीय काँग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग की राष्ट्रीय समन्वयक एवं जिप सदस्य विमल कटरे सकल ओबीसी महामोर्चा के मुख्य संयोजक उमेश कोर्राम, अभय ढेगे, हरिश ब्राम्हणकर, खेमेंद्र कटरे उपस्थित थे ओबीसी की जातीगत जनगणना की मंडल यात्रा आगे देवरी होते हुये सडक अर्जुनी लाखादुर, वडसा, ब्रम्हपुरी मे आज शाम मंडल दिन मनायेगी एवं रात्री मुक्काम के बाद 08 अगस्त को आरमोरी, गडचिरोली सावली मुल बल्लापुर एवं 9 अगस्त को समापन होगा







जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली






# मातृ पुजन, गौमाता और भगवानों की आराधना से की सांसद राजेंद्र जैन ने जन्मदिन की शुरुआत.. हजारों ने दी शुभकामनाएं..

## रक्तदान, वृक्षारोपण, शैक्षणिक सामग्री वितरण, पौधे वितरण संहित अनेक सेवाकार्यों के भी हुए आयोजन..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा जिले के जुझारु नेता सांसद राजेन्द्र जैन का जन्मदिन 08 अगस्त को गोंदिया जिले में विभिन्न सामाजिक एवं सेवाकार्यों के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एवं मित्र परिवारों द्वारा धुमधाम से मनाया गया।***

जन्मदिन के अवसर पर सर्वप्रथम सुबह सबसे पहले सांसद राजेन्द्र जैन ने अपनी माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया, वहीं इसके उपरांत वे घर में देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सुबह 08 बजे श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा (गौशाला पांजरापोल), पहुंचे, जहां पर गौमाताओं का विधिवत पूजन किया कर तथा गौ माताओं को आहार प्रदान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सांसद राजेंद्र जैन का राज्यसभा सांसद के रूप में निर्वाचित होने पर समिति की ओर से सत्कार किया गया, जबकि वहीं सांसद श्री जैन ने इस अवसर पर स्व.राम करणजी अग्रवाल की स्मृती में श्री सुरेशकुमार अग्रवाल परिवार द्वारा (गुडाखू वाले) एवं सांसद प्रफुल पटेल के प्रयासों से निर्मित गौमाता के दाना चारा गोडाऊन का लोकार्पण भी किया।

### बोले सांसद राजेन्द्र जैन..

इस अवसर पर सांसद राजेन्द्र जैन ने श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के शंकरलाल जी अग्रवाल, राम अग्रवाल, सचिव राजेश व्यास एवं संपूर्ण टीम के श्रम और समर्पण की सराहना की, तथा कहा कि गौमाता की सेवा से जीवन में सुख-सौभाग्य के साथ मन को अद्भुत शांति प्राप्त होती है। श्री जैन ने कहा कि श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के कार्य के लिये जब भी मुझे सेवा के अवसर प्राप्त होंगे, अपेक्षाओं से अधिक सहयोग करने का मेरा अवश्य प्रयास होगा। श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सर्वश्री शंकरलाल अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, दिनेश जयपुरिया, गुलाबचंद पोद्दार, शैलेंद्र लेकरिया, राजेश व्यास, नरेश जैन, निखिल जैन, संजय काला, संतोष काला, वृषभ काला, रोहित जैन, हर्षल पवार, राजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राम अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, लकी केडिया, दिनेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सतीश गुप्ता, राहुल अग्रवाल, माधुरी नासरे, राजेश दवे, नानू मुदलियार, राजकुमार जैन, जयंत कछवाह, अमोल बेलगे, संकल्प जैन, प्रथम जैन, सुमित बैस, केतन तुरकर, शिवम अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, रवि मूंदड़ा, पप्पू महाराज, आर्यन जैन, रवि रामटेकर, हरगोविंद चौरसिया, मृत्युंजय सिंह, आलोक द्विवेदी, निर्मला मिश्रा, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, रौनक ठाकुर, नरेंद्र बेलगे, कान्हा बघेले, शरभ मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं विश्वस्त मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

### नमाद महाविद्यालय में सुबह से शाम बधाई देने वालों का लगा रहा तांता..

सांसद राजेन्द्र जैन श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा की गौशाला से होते हुए सिविल लाईन स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे, वहां पूजा अर्चना करने के बाद श्री जैन दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे, जहां पर पूजा अर्चना कर सांसद श्री जैन सीधे नमाद महाविद्यालय के सभागार में पहुंचे, जहां पर सैकड़ों और हजारों की संख्या में सुबह से लेकर शाम तक सांसद राजेन्द्र जैन के समर्थकों और उनके चाहने वालों की भीड़ लगातार उमड़ती रही।

इस अवसर पर सांसद राजेन्द्र जैन के परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच, नगर पालिका के पार्षद, प्रमुख सामाजिक संगठनों में श्री मारवाड़ी युवक मंडल, सिंधी जनरल पंचायत, मजूर संघ के पदाधिकारी आदि पुरे ग्रुप के साथ पहुंचे, और सभी ने पुष्पगुच्छ, शॉल श्रीफल आदि भेंट कर सांसद राजेन्द्र जैन को जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### राष्ट्रवादी कांग्रेस कार्यालय में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन..

सांसद राजेन्द्र जैन के जन्मदिन पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रवादी कॉंग्रेस भवन रेलटोली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद राजेन्द्र जैन भी रक्तदाताओं से मिलने के लिये पहुंचे, जहां पर सभी ने सांसद श्री जैन को शुभकामनाएं दी। रक्तदान शिविर में बाई गंगाबाई अस्पताल की रक्तपेटी विभाग की डॉ. स्वेता पंधरे, डॉ. देवयानी हरदास, कु. सीमा निर्वाण, श्री मिर्झा बैग, कु. हिमांशी मेश्राम, गणेश हुले, तुषार तुरकर, ईश्वर चुटे के सहयोग से रक्तदान संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में प्रमुख रुप से सर्वश्री निखिल जैन, केतन तुरकर, लोकेश यादव, राजकुमार जैन, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, सचिन असाटी, रौनक ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर को सफल बनाने कपिल बावनथडे, कुणाल बावनथडे, मोनू मेश्राम, शितिस जांगड़े, रिषभ वहाने, हर्षवर्धन मेश्राम, राजेश तावाड़े, प्रकाश गायधने, अजय चौहान, पंकज गायधने, कुणाल मेश्राम, अविनाश समुंद्रे, बिटू सोनकुसरे संहित अनेकों ने सहयोग प्रदान किया।

### वृक्षारोपण, पौधा वितरण, शालेय सामग्री वितरण संहित अनेक सेवाकार्य के हुए आयोजन..

गौरतलब है कि सांसद राजेन्द्र जैन नेके जन्मदिन पर उनके समर्थकों और मित्र परिवारों का उत्साह देखने लायक था। सांसद श्री जैन के जन्मदिन पर संपूर्ण जिले में वृक्षारोपण के भी कार्यक्रम आयोजित किये गए। शालेय सामग्री का वितरण विभिन्न स्कूलों में किया गया। अस्पतालों में फल वितरण किया गया, तथा पौधों का वितरण कर पर्यावरण का संदेश भी दिया गया।

## भारतीय विधवा महिला फाउंडेशन की कुड़वा में आयोजित बैठक में

# रूपाली यादोराव ऊके ने दिए विधवा व एकल महिलाओं की उन्नति के सुझाव.. कराया अपनेपन का अहसास..








जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारतीय विधवा महिला फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम कुड़वा में कुंडा चंद्राकर के माध्यम से सुनिता वाघमारे ताई के निवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में फाउंडेशन की राष्ट्रीय सचिव कु. रूपाली यादोराव ऊके मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप***

से उपस्थित रहीं। बैठक में पद्मा ऊके सहित स्थानीय महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति में विधवा, एकल एवं असहाय महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक विकास, उनके अधिकारों की रक्षा और भावी रणनीतियों पर गहन मंथन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस व्यापक जन-जागरण अभियान के अंतर्गत इससे पूर्व गोरेगांव तहसील के ग्राम पंचायत मुंडीपार, लुमनी बुद्ध विहार, गौतम नगर वाजपेयी वार्ड गोंदिया एवं टीबी टोली शिव मंदिर गोंदिया में सफल बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। इन बैठकों की श्रृंखला में कुड़वा की यह चौथी अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव रूपाली यादोराव ऊके ने महिलाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि पति के न रहने के बाद समाज में एक महिला को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधवा पेंशन पाने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाना, ससुराल में जायदाद व हिस्सेदारी से वंचित होना और मायके से भी उचित सहयोग न मिलना जैसी परिस्थितियां महिलाओं को तोड़ देती है। ऐसे में भारतीय विधवा महिला फाउंडेशन 'गांव-गांव, गली-गली' जाकर महिलाओं को एकजुट करने की मुहिम चलाते हुए दुख के समय कोई महिला खुद को बेसहारा न समझे, ऐसा अहसास करते हुए उन्हें समर्थवान बनाने का प्रयास कर रहा है। रूपाली ऊके ने कहा कि जीवन का कोई भरोसा नहीं है, दुख कभी बताकर नहीं आता। इंसान जब तक ठीक है तब तक सब साथ देते हैं, लेकिन कब विपत्ति आ जाए कोई नहीं जानता। इसलिये संगठन के माध्यम से हमने हर दुख-सुख में महिलाओं के साथ ढाल बनकर खड़ा रहने का प्रयास शुरु किया है। बैठक में महिलाओं को कु. रूपाली ऊके ने उनके कानूनी अधिकारों, पेंशन प्रक्रिया को सरल बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं से अवगत कराया। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं की उपस्थिति रही।

# मंडल यात्रा का गोंदिया जिले में जोरदार स्वागत; ओबीसी, वीजेएनटी और एसबीसी के अधिकारों के लिए यल्गार



जगप्रेरणा गोंदिया।

***ओबीसी, वीजेएनटी और एसबीसी समाज के विद्यार्थियों एवं युवाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा बी.पी. मंडल आयोग की सिफारिशों के संबंध में जनजागृति***

करने के उद्देश्य से विदर्भ के सात जिलों में 'मंडल आयोग जनजागृति यात्रा' का आयोजन किया गया है। मुख्य संयोजक उमेश कोराम के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई है। उनके साथ प्रा. रमेश पिसे, विलास काले, रोशन उरकुड़े, श्री. पडोले, अशोक काकड़े और श्री. पाल सक्रिय रूप से सहभागी हैं। 3 अगस्त को भंडारा से रवाना हुई इस भव्य यात्रा का 7 अगस्त को सुबह 9 बजे गोंदिया जिले के तिरोड़ा में आगमन हुआ। इस दौरान स्थानीय नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने यात्रा का उत्साहपूर्वक और भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान गोंदिया जिले में विभिन्न स्थानों पर कॉर्नर सभाओं एवं जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे एकोड़ी में भव्य कॉर्नर सभा के बाद सुबह 11 बजे गोंदिया के ऐतिहासिक रानी अवंतीबाई चौक, 11.30 बजे गोरेगांव, दोपहर 12.30 बजे आमगांव, दोपहर 2 बजे सड़क अर्जुनी तथा शाम 3 बजे नवेगांवबांध में सभाएं आयोजित की गईं। इन सभी सभाओं में ओबीसी की जातिवार जनगणना, विद्यार्थियों की समस्याओं तथा समाज की विभिन्न लंबित मांगों पर खुलकर चर्चा की गई।

### मंडल आयोग की सिफारिशों के प्रति जनजागृति..

यात्रा का मुख्य उद्देश्य ओबीसी, वीजेएनटी एवं एसबीसी समाज की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने तथा वर्तमान परिस्थितियों में बी.पी. मंडल आयोग की सिफारिशों के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, 'महाज्योति' एवं ओबीसी आर्थिक विकास महामंडल की योजनाओं का लाभ, छात्रवृत्ति से जुड़े मुद्दे तथा ओबीसी की स्वतंत्र जातिवार जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समाज, युवाओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच व्यापक जनजागृति की जा रही है। मंडल यात्रा को सफल बनाने के लिए जिले की अनेक प्रमुख बहुजन संगठनों ने एकजुट होकर सहयोग किया है। इनमें ओबीसी अधिकार मंच, ओबीसी संघर्ष कृति समिति, ओबीसी सेवा संघ, संविधान मैत्री संघ, भारतीय पिछड़ा शोषित संघ, स्टूडेंट्स राइट्स एसोसिएशन, युवा बहुजन एकता मंच, सकल ओबीसी समाज, ओबीसी अधिकारी कर्मचारी महासंघ तथा शिक्षा बचाव समिति प्रमुख रूप से शामिल हैं। यात्रा की सफलता के लिए ओबीसी अधिकार मंच के संयोजक खेमेन्द्र कटरे, ओबीसी संघर्ष कृति समिति के महासचिव मनोज मेंढे, शिशिर कटरे, कैलास भेलावे, सुनील पटले, बंटीभाऊ पंचबुद्धे, ओबीसी महासभा के इंजि. राजीव ठाकरेले, ओबीसी सेवा संघ के उपाध्यक्ष सी.पी. बिसेन, भूमेश शेंडे, निखिल बनसोड, संविधान मैत्री संघ के अतुल सतदेवे, वसंत गवली, युवा बहुजन मंच के सुनील भोंगाडे, रवि भांडारकर, शिव नागपूरे, डॉ. भूमेश ठाकरे, नरेश परिहार, रवि पटले, अजाबराव रिनायत, महेंद्र बिसेन, हरीश ब्राह्मणकर, प्रकाश पटले, किरण मेश्राम, अशोक रिनाईत, पंकज मेश्राम, राजूभाऊ कटरे, अशोक लंजे, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, नगरसेवक चंदू चुटे, शिवसेना नेता डॉ. प्रशांत कटरे, लोधी समाज संगठन के रामेश्वर लिल्हारे, ऋषीकांत साहू, बाबा बिसेन, अरुण पारधी, अमर वराड़े, सावन डोये, सविता बेदरकर, भागचंद रहांगडाले और गौरव बिसेन सहित विभिन्न ओबीसी-बहुजन संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विशेष प्रयास एवं सहयोग किया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com